RNI. MPHIN/2016/68439

> वस्तुतः जिनके भीतर आचरण की दृढ़ता रहती है, वे हो विचार में निर्भीक और स्पष्ट हुआ करते हैं।
> हजारीप्रसाद द्विवेदी

# दैनिक मेल पॉवर



पेज 4

वर्ष- 10 | अंक-86 | भोपाल, रविवार 24 अगस्त 2025 | पेज-8 | आमंत्रण मूल्य -1 रुपए | राजधानी भोपाल से प्रसारित

## न्यूज़. ब्रीफ

### खड़े ट्रक से टकराई इनोवा

मऊ। उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में एक इनोवा कार सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई जिससे कार में सवार महाराष्ट्र के नागपुर स्थित कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक के कुलपति और उनकी पत्नी की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अनूप कुमार ने बताया कि हादसा गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग पर कुसमा गांव के पास उस समय हुआ जब तेज रफ्तार इनोवा कार एक खड़े ट्रक से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में प्रोफेसर हरे राम त्रिपाठी (58) और उनकी पत्नी बदामी देवी (56) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दंपति वाराणसी से कुशीनगर जिले स्थित अपने गांव जा रहे थे। कुमार ने बताया कि मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक दंपति की मौत हो चुकी थी। कार चालक वैभव मिश्रा (35) गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### संसद भवन के गज द्वार से हटेगा पेड़

नई दिल्ली। नए संसद भवन के गज द्वार पर खड़ा पेड़, जिसे सुरक्षा के लिए खतरा माना जा रहा था, अब परिसर के भीतर प्रेरणा स्थल पर लगाया जाएगा। इस जगह पर देश के महान नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियां स्थापित हैं। यह फैसला स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) की सुरक्षा चिंताओं के बाद लिया गया है। एसपीजी ने कहा था कि गज द्वार पर लगा यह पेड़, जिसका नंबर 01 है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने-जाने के रास्ते में बाधा बन सकता है। इस पेड़ को शिफ्ट करने का काम मानसून सत्र खत्म होने के बाद शुरू होगा। यह पेड़ लगभग सात साल पुराना है और तेजी से बढ़ता है। दिल्ली के वन विभाग ने कुछ सख्त शर्तों के साथ पेड़ को हटाने की इजाजत दे दी है। इन शर्तों में पेड़ को दूसरी जगह लगाने के बाद उसकी देखभाल करना और उसकी जानकारी देना भी शामिल है।

### कोल्हापुर में दो गुटों के टकराव में 10 लोग घायल

कोल्हापुर। महाराष्ट्र के कोल्हापुर में दो गुटों के टकराव में 10 लोग घायल हुए है। यह घटना सिद्धार्थनगर इलाके में हुई। इस घटना में कई लोग घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब राजेबगस्वर फुटबॉल क्लब की 31वीं सालगिरह मनाने के लिए आयोजन हुआ था। इसके लिए बैनर, पोस्टर्स और साउंड सिस्टम लगाए गए थे। इन चीजों ने स्थानीय लोगों में गुस्सा भर दिया। लोगों का आरोप था कि इन चीजों से परेशानी हो रही है। जब स्थानीय लोगों ने आयोजन का विरोध किया, तब झगड़ा बढ़ गया। रात 10 बजे तक, दोनों तरफ से भारी संख्या में पथराव हुआ। दो कारों को आग लगा दी गई, जबकि ऑटो और खड़ी कारों सहित लगभग आठ से नौ वाहनों में तोड़फोड़ की गई। घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों ने बताया कि पत्थरों से गाड़ियों के शीशे टूट गए थे और मलबा अंदर बिखरा हुआ था। हंगामे के दौरान सड़क किनारे का पार्किंग क्षेत्र पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए 200 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया।

## उपराष्ट्रपति का चुनाव कोई लड़ाई नहीं, बल्कि दो विचारधारा का टकराव : सुदर्शन रेड्डी

### एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से कोई मतभेद नहीं



नई दिल्ली। इंडिया ब्लॉक के उपराष्ट्रपति पद के दावेदार बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि उपराष्ट्रपति का चुनाव कोई लड़ाई नहीं, बल्कि दो विचारधारा का टकराव है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे इस विचारधारा से असहमत हैं, न कि एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से कोई मतभेद है। इंडिया ब्लॉक के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रेड्डी ने कहा कि यह कोई लड़ाई नहीं, बल्कि विचारों का टकराव है...दूसरा पक्ष यह प्रचार कर रहा था कि यहाँ एक व्यक्ति है जो जीवन भर आरएसएस का पूर्ण सदस्य रहा है, इसलिए मैं उस विचारधारा से असहमत हूँ, राधाकृष्णन जी से नहीं। रेड्डी ने कहा कि एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन से उनका कोई निजी विरोध नहीं है। हम एक-दूसरे से कभी मिले भी नहीं हैं। इसलिए मैं दिल से चाहता था कि यह एक सभ्य मुकाबला हो, व्यक्तियों के बीच नहीं, बल्कि दो अलग-अलग विचारधाराओं के बीच। रेड्डी ने वैचारिक मतभेदों को उजागर कर कहा कि मुझे किसी विचारधारा को पसंद या नापसंद करने का कोई अधिकार नहीं है, लेकिन जिस तरह से यह (आरएसएस) काम करता है, उससे मेरे गंभीर मतभेद हैं, क्योंकि मैं एक उदार संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यक्ति हूँ। मैं धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय और बाबासाहेब की बंधुत्व की विचारधारा में विश्वास करता हूँ। बातें कि सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश रेड्डी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की मौजूदगी में अपना नामांकन दाखिल किया।

### गुजरात के एक और शहर में अशांत धारा लागू

#### संपत्ति बेचने के लिए कलेक्टर की मंजूरी अनिवार्य

साबरकांठा । गुजरात के एक और शहर में अशांत धारा लागू हो गई है। अर्थात अब इस शहर में भी संपत्ति बेचने से पहले कलेक्टर की मंजूरी लेनी होगी। उत्तर गुजरात के साबरकांठा जिले के प्रांतिज में अशांत धारा लागू की गई है और राजस्व विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी है। प्रांतिज शहर के कुछ इलाकों में अशांत धारा लागू होगी। यह अशांत धारा अगले पाँच साल यानी 2030 तक लागू रहेगी। अधिसूचना के अनुसार अब संपत्ति की बिक्री से पहले कलेक्टर की अनुमति लेनी होगी। राजस्व विभाग द्वारा जारी परिपत्र में कहा गया है कि प्रांतीय शहर की अनुसूची में उल्लिखित कुछ क्षेत्रों को पांच साल की अवधि के लिए यानी 4 अगस्त 2025 से 3 अगस्त 2030 तक अशांत क्षेत्र घोषित किया गया है।

### पीएम मोदी गुजरात में राजस्व

## ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल्स विभाग के 1218 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की भेंट देंगे



अहमदाबाद । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 और 26 अगस्त को गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे और इस दौरान वे उत्तर गुजरात में करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

#### 96 करोड़ रुपए के खर्च से बनने वाले राजस्व विभाग के दो अत्याधुनिक भवनों का शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 96 करोड़ रुपए के खर्च से आकार लेने वाले राजस्व विभाग के दो अत्याधुनिक भवनों का शिलान्यास भी करेंगे। गांधीनगर में 62 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से छह मंजिला राज्य स्तरीय लैंड डेटा स्टोरेज सेंटर बनेगा, जहां कॉम्पेक्टर्स, संग्रहालय और कॉन्फ्रेंस हॉल जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह सेंटर भूमि और राजस्व से संबंधित महत्वपूर्ण रिकॉर्ड्स को संग्रहित करने का एक सुरक्षित राज्य-स्तरीय केंद्र होगा। यहां राजस्व विभाग की प्रतिलिपियां विश्वसनीय बैकअप के रूप में रखी जाएंगी और राजस्व एवं सर्वेक्षण विभागों की संवेदनशील जानकारियों को भविष्य में उपयोग के लिए सुरक्षित रखा जाएगा।

#### विद्युत वितरण के लिए 608 करोड़ रुपए के खर्च से भूमिगत सिस्टम तैयार

प्रधानमंत्री उत्तर गुजरात विज कंपनी लिमिटेड (यूजीवीसीएल) की जिन परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे, उसे भारत सरकार रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) और नॉर्मल डेवलपमेंट (एनडी) स्कीम के हिस्से के रूप में क्रियान्वित किया गया है।

### मध्यप्रदेश के लिये 60 हजार करोड़ से अधिक के रोड प्रोजेक्ट्स की घोषणा

#### केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी के प्रबंधन का चमत्कार है कि वे देश के अधोसंरचना विकास के लिए कभी पैसे की कमी नहीं होने देते : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## भोपाल से जबलपुर के बीच बनाया जाएगा 255 किलोमीटर लंबा नया ग्रीन फील्ड हाई-वे : केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी



भोपाल। मध्यप्रदेश के लिये शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहा। इस दिन केन्द्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 4250 करोड़ से अधिक की लागत वाली 174 किलोमीटर लंबी 9 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें देश का सबसे बड़ा दमोह नाका-रानीताल-मदनमहल-मेडिकल रोड फ्लाय ओवर भी शामिल है। जबलपुर के महानद्दा में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने मध्यप्रदेश के लिये 60 हजार करोड़ से अधिक लागत की विभिन्न सड़क परियोजनाओं की घोषणाएँ भी की।

#### सड़कों के आधार पर बदलता है देश का भाग्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि सड़कों के आधार पर देश का भाग्य बदलता है। यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सड़क आधोसंरचना निर्माण और विस्तार का दायित्व केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी संभाल रहे हैं। यह श्री गडकरी के प्रबंधन का चमत्कार है कि देश में सड़क और अधो-संरचना निर्माण के लिए वह कभी पैसे की कमी होने ही नहीं देते। देश की सीमा पर जवान और खेत में किसान की सजगता और मेहनत से ही देश की ताकत बनती है। बेहतर रोड नेटवर्क दोनों की ही सक्रियता और सामर्थ्य का आधार हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के सुगम संपर्क, तेज विकास, बेहतर सुरक्षा और सब की समृद्धि सुनिश्चित करने के प्रण को पूरा करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ अद्यतन अधोसंरचना निर्माण के लिए निरंतर सक्रिय है। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने महाकौशल सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों और निवासियों की रोड नेटवर्क संबंधी आकांक्षा-अपेक्षा को पूर्ण किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश को दी गई रोड नेटवर्क संबंधी सौगातों के लिए प्रदेशवासियों की ओर से केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी का अभिवादन करते हुए आभार माना।

#### यात्री परिवहन सेवा को बनाया जायेगा सुगम

केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि जबलपुर के नगरीय विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा समन्वित रूप से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यात्री परिवहन सेवा को सुगम बनाया जायेगा। भविष्य में फ्लैश चार्जिंग बसें चलाई जायेंगी। उन्होंने बताया कि नागपुर में फ्लैश चार्जिंग अत्याधुनिक बसें शुरू की गई हैं। इस 160 सीटर एसी बस में बस होस्टेस भी कार्यरत होंगी। बस का किराया डीजल बस की तुलना में 30 प्रतिशत कम होगा, बसों की क्षमता और सुविधाएं मेट्रो के समान होंगी। देश में अभी मेट्रो निर्माण में 500 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर खर्च आ रहा है।

#### साढ़े 4 घंटे में पहुंचेंगे ग्वालियर से दिल्ली

केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि मध्यप्रदेश के लिए 3 लाख करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाएं स्वीकृत की हैं, जिनमें से 75 हजार करोड़ के कार्य पूरे किए हैं और 65 हजार करोड़ के कार्य प्रगति पर हैं। आगामी समय में डेढ़ लाख करोड़ रुपए लागत से करीब ढाई हजार किलोमीटर के कार्य डीपीआर के लिए रखे हैं। मध्यप्रदेश में 33 हजार करोड़ रुपए की लागत से 5 ग्रीन फील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। इंदौर से हैदराबाद कॉरिडोर पर ओंकारेश्वर के पास नर्मदा नदी पर एक भव्य ब्रिज का निर्माण किया गया है। जल्द ही इसका उद्घाटन किया जाएगा।

## लोधी गार्डन में आवारा कुत्तों को लेकर विजय गोयल का अभिनंदन

### मेरा आन्दोलन जारी रहेगा - गोयल



नई दिल्ली। आज लोधी गार्डन में विभिन्न संगठनों ने आवारा कुत्तों की समस्या पर पिछले तीन वर्षों से लगातार संघर्ष कर रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल का अभिनंदन किया। इस अवसर पर कई ऐसे लोग भी उपस्थित थे जिन्हें आवारा कुत्तों ने काटा था। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे और उनके परिवार इस समस्या से बेहद पीड़ित हैं। अलग-अलग क्षेत्रों से आए नागरिकों ने भी जोर देकर कहा कि ह्लहम आवारा कुत्तों से बहुत परेशान हैं, सरकार को इस पर तुरंत ठोस कदम उठाने चाहिए। हम श्री गोयल के प्रयासों को पूरा समर्थन देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट का एक सकारात्मक निर्णय यह है कि एबीसी रूल्स को समाप्त कर दिया गया है। इसके चलते अब खूंखार, काटने वाले और हिंसक कुत्तों को बाड़ों में बंद करना संभव होगा तथा सोसाइटी, अपार्टमेंट और सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को खाना खिलाने पर रोक लगेगी। गोयल ने अपने वक्तव्य में कहा कि ह्लआवारा कुत्तों की समस्या अभी कम नहीं हुई है।

## ट्रंप प्रशासन से बेहतर संवाद बनाने भारत ने नई लॉबिंग फर्म को सौंपी जिम्मेदारी



नई दिल्ली। अमेरिका के साथ बढ़ते कारोबारी तनाव के बीच भारत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन से बेहतर संवाद स्थापित करने के लिए वॉशिंगटन डीसी में नई लॉबिंग फर्म मरक्यूरी पब्लिक अफेयर्स को काम सौंप दिया है। यह फर्म पूर्व अमेरिकी सीनेटर डेविड विटर के नेतृत्व में काम करती है। अमेरिकी न्याय विभाग के विदेशी एजेंट पंजीकरण अधिनियम (फेरा) के तहत हालिया फाइलिंग्स के मुताबिक, भारत और मर्करी के बीच हुआ समझौता अगस्त 2025 के मध्य से नवंबर 2025 तक लागू रहेगा। इस दौरान भारत हर महीने 75,000 डॉलर का भुगतान करेगा, जो कुल मिलाकर 225,000 डॉलर होगा। फर्म को फेडरल गवर्नमेंट रिलेशंस और रणनीतिक सेवाएं देने का जिम्मा सौंपा गया है। इस हायरिंग की अहमियत इसलिए भी बढ़ती है, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप की करीबी सहयोगी और चीफ ऑफ स्टाफ स्यूजी वाइल्स, मर्करी के वॉशिंगटन और फ्लोरिडा ऑफिस की प्रमुख रह चुकी हैं। ट्रंप के 2024 के चुनाव अभियान में जाने से पहले वाइल्स ने यह पद छोड़ा था।

## बड़े बदलाव को लेकर 3-4 सितंबर को बैठक कर सकती हैं जीएसटी परिषद

### चार की जगह सिर्फ दो स्लैब पर बन सकती हैं सहमति




नई दिल्ली। जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक 3-4 सितंबर को हो सकती है। बैठक में मंत्री समूह (जीओएम) द्वारा दो स्लैब 5 और 18 प्रतिशत को बरकरार रखने के प्रस्ताव पर फैसला होगा। रिपोर्ट के अनुसार, परिषद की बैठक केंद्र द्वारा जीएसटी कराधान व्यवस्था के ढांचे को वर्तमान चार स्लैब से दो स्लैब में बदलने के बड़े पैमाने पर प्रयास के बीच हो रही है। छह सदस्यीय जीओएम का नेतृत्व करने वाले बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अनुसार, हमारे द्वारा दो स्लैब वाली जीएसटी स्ट्रक्चर की सिफारिश की है और अपनी सिफारिशें जीएसटी परिषद को सौंप दी हैं। जीओएम ने सहमति व्यक्त की कि नई व्यवस्था के तहत मौजूदा 12 और 28 प्रतिशत स्लैब को समाप्त करने की बात कही है। इसका उद्देश्य एक सरल और अधिक पारदर्शी जीएसटी व्यवस्था की ओर बढ़ना है। देश में वर्तमान में चार स्लैब 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत वाला जीएसटी सिस्टम लागू है। साथ ही सिन और लग्जरी गुड्स पर अतिरिक्त उपकर भी लगाया जाता है। नए स्ट्रक्चर के तहत, मैरिट वस्तुओं और सेवाओं पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जबकि अधिकांश अन्य वस्तुएं (स्टैंडर्ड) 18 प्रतिशत के स्टैंडर्ड रेट के दायरे में आएगी। कुछ तथाकथित सिन गुड्स पर 40 प्रतिशत का उच्च कर लागू रहेगा। उदाहरणों में शराब, तंबाकू, ड्रग्स, जुआ, शीतल पेय, फास्ट फूड, कॉफी, चीनी और पोर्नोग्राफी भी शामिल हैं। सिन टैक्स एक विशेष कर है, जो सरकार द्वारा इस प्रकार की वस्तुओं पर लगाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को इनके उपयोग से हतोत्साहित करना और इनसे होने वाले नुकसान को कम करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इससे पहले दो दिवसीय मंत्रिसमूह की बैठक को संबोधित कर कहा था कि एक सरलीकृत प्रणाली से आम आदमी, किसानों, मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसायों को लाभ होगा, साथ ही जीएसटी को अधिक पारदर्शी और विकासोन्मुखी भी बनाया जा सकेगा। बदलावों के तहत, वर्तमान में 12 प्रतिशत कर श्रेणी में आने वाली लगभग सभी वस्तुएं 5 प्रतिशत के स्लैब में आ जाएंगी।

## 27 अगस्त तक महाराष्ट्र समेत देश भर में भारी बारिश की चेतावनी

मुंबई। सप्ताह की शुरूआत में मुंबई समेत राज्य के कई जिलों में भारी बारिश हुई थी। उसके बाद, मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि गणेशोत्सव के दौरान कुछ दिन के लिए रुकी बारिश फिर से सक्रिय हो जाएगी। अगले 7 दिनों तक कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र में भारी बारिश जारी रहने की संभावना है, जबकि 25 और 26 अगस्त को कोंकण में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। इस बीच, अगले 5 दिनों तक गुजरात तट पर तेज हवाएँ (40-50 किमी प्रति घंटे की गति) चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 25 अगस्त के आसपास बंगाल की खाड़ी के साथ-साथ उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल के पास एक नया निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। 24 अगस्त से पूर्वी भारत और आसपास के इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही, अगले 7 दिनों में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, बिहार में कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। 26 और 27 अगस्त को विदर्भ में, 22 और 26 अगस्त के बीच ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल में, 22 अगस्त को पश्चिमी मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल में, 22 और 23 अगस्त को झारखंड, बिहार में, 25 और 26 अगस्त को ओडिशा में और 25 और 27 अगस्त के बीच छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा होने की संभावना है।

## भारत-पाकिस्तान मैच के सीधे प्रसारण पर लगे रोक

### सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने लिखा पत्र

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने 14 सितंबर को होने वाले एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच का सीधा प्रसारण रोकने को लेकर केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव को एक पत्र लिखा है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने कहा कि यह मुकाबला खून का पैसा होगा और पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच कराने का मोदी सरकार का फैसला पूरी तरह से अस्वीकार्य है। हाल ही में, खेल मंत्रालय ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेल सकते हैं, लेकिन बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में दोनों टीमें खेल सकती हैं। सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि उन्होंने खुद आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता का संदेश देने के लिए संसदीय प्रतिनिधिमंडल में हिस्सा लिया था, इसलिए यह मैच उनकी अंतरात्मा को स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई और युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा यूएई में होने वाले मैच में भारत की भागीदारी पर जोर देने से वह निराश हैं। राज्यसभा सांसद ने केंद्रीय मंत्री वैष्णव से आग्रह किया है कि राष्ट्रीय हित और जनभावना को देखकर, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय को सभी ओटीटी प्लेटफार्मों, वेबसाइटों, एप और टीवी चैनलों पर इस मैच का सीधा प्रसारण रोकना चाहिए।

## तीन राज्यों में घटनाएं अलग-अलग लेकिन खौफ एक जैसा कुत्तों का आतंक

### यूपी में युवती का चेहरा नोंच, मप्र में बच्ची पर हमला, महाराष्ट्र में युवक घायल



नई दिल्ली। सड़क पर निकलो तो आवारा कुत्तों का खौफ आपका पीछा करता है। देश के कई शहरों में आवारा कुत्तों का आतंक जारी है। तीन अलग-अलग राज्यों मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और यूपी से सामने आए खौफनाक वीडियो से लोगों की रूह कंपा गई। कानपुर में एक बीबीए छात्रा के चेहरे पर 17 टांके लगाने पड़े हैं, मध्यप्रदेश के खरगोन में 10 साल की मासूम पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया और पुणे में एक युवक पर कुत्तों ने अटैक कर दिया। इन हमलों से लोगों में डर है। कानपुर में लड़की का चेहरा बिगड़ा, खरगोन में बच्ची की जान जाते-जाते बची और पुणे में युवक लहूलुहान हो गया। सवाल यह है कि इसका ठोस समाधान क्या है? 20 अगस्त की दोपहर...कानपुर की 21 साल की वैष्णवी साहू, बीबीए फाइनल ईयर की छात्रा, रोज की तरह कॉलेज से घर जा रही थी। घर से कुछ ही कदम दूर पार्क के पास अचानक तीन आवारा कुत्ते उस पर झपटे। कुछ ही सेकंड में कुत्तों ने उसे सड़क पर गिरा दिया। उसके गाल का मांस नोचकर दो हिस्सों में कर दिया। नाक पर गहरी चोट और पूरे शरीर पर काटने के निशान...लड़की की चीखें सुनकर आसपास के लोग दौड़े और किसी तरह कुत्तों को भगाकर छात्रा को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों को उसके चेहरे पर 17 टांके लगाए। अब वैष्णवी न तो ठीक से खा पा रही है और न बोल पा रही है। उसका परिवार आज भी दहशत में है और प्रशासन से गुहार लगा रहा है कि कुछ कीजिए, वरना कल किसी और के साथ ऐसा हो सकता है। वहीं मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के करही नगर परिषद का इलाका में शाम करीब 4:30 बजे 10 साल की मासूम बच्ची कुछ सामान लेकर लौट रही थी। तभी एक कुत्ता उसके पीछे लपका। डर के मारे बच्ची दौड़ी, लेकिन पैर फिसल गया और वह पानी से भरे गड्ढे में जा गिरी। एक के बाद एक कई कुत्ते उस पर टूट पड़े। बच्ची चीखती रही, हाथ-पांव मारती रही, तभी पास से गुजर रहे दो राहगीरों ने पत्थर मारकर कुत्तों को खदेड़ा। उनकी हिम्मत न होती तो शायद जिंदगी खतरे में पड़ जाती। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई और सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। गांव वालों का गुस्सा अब सातवें आसमान पर है। उनका कहना है कि हर हफ्ते कोई न कोई बच्चा इन कुत्तों का शिकार हो रहा है, आखिर प्रशासन कब जागेगा? वहीं महाराष्ट्र के पिंपरी-चिंचवड़, पुणे में सुबह करीब 5 बजे एक युवक काम पर जा रहा था कि तभी सात कुत्तों के झुंड ने उसे घेर लिया।

# ब्रह्मचारी गिरीश जी का दो दिवसीय जन्मोत्सव कल से

दैनिक भेल पॉवर ■

महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश जी के जन्मोत्सव के अवसर पर भोपाल में दो दिवसीय भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 25 अगस्त को जन्म जन्म दिवस के अवसर पर देश के विख्यात अनेक साधु संत ब्रह्मचारी गिरीश जी को आशीर्वाद देंगे तो वहीं एक दिन पूर्व 24 अगस्त को ₹भारत को एक आदर्श भारत कैसे बनाएं₹ विषय पर एक राष्ट्रीय स्तर का सेमिनार होगा जिसमें अनेक विभूतियां अपने-अपने विचार और सुझाव रखेंगी। राजधानी के ₹महर्षि उत्सव भवन₹ में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आरंभ कल 24 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे होगा। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल सहितअखिल भारतीय संत समिति





के सचिव पूज्य स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज, विश्व हिंदू परिषद के प्रवक्ता एवं केंद्रीय मंत्री अशोक तिवारी, अखिल भारतीय आयुर्वेदिक कांग्रेस के अध्यक्ष वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा, सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता अश्वनी उपाध्याय ,सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार, मध्य प्रदेश राज्य डेंटल परिषद के अध्यक्ष डॉ चंद्रेश शुक्ला माइंडलॉजिक ग्रुप ऑफ कंपनी के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश अलगोवन, वरिष्ठ रिटायर्ड आईएएस अधिकारी आजात शत्रु श्रीवास्तव एवं विद्या भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कन्हारे, राष्ट्रीय गौ वंश आयोग के पूर्व सदस्य सुनील मानसिंह सहित ओजस फाउंडेशन के अध्यक्ष वैद्य मधुसूदन देशपांडे अपने-अपने विचार व्यक्त करेंगे। महर्षि महेश योगी संस्थान के प्रमुख ब्रह्मचारी गिरीश जी सेमिनार में विषय के अंतर्गत अपना वक्तव्य देकर परिचर्चा की शुरूआत करेंगे। इस जन्मोत्सव कार्यक्रम के द्वितीय दिवस अर्थात 25 अगस्त को देश के प्रमुख साधु संत वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरी जी के जन्मोत्सव अवसर पर अपना आशीर्वाद प्रदान करने के लिए उपस्थित रहेंगे। इन संतों में अखिल भारतीय संत समिति के सचिव स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज ,अयोध्या के वरिष्ठ पीठाधीश्वर स्वामी रामविलास वेदांती जी महाराज, अखिल भारतीय संत समिति भोपाल के कार्यकारी अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी अनिलआनंद, अयोध्या के श्री हनुमागढ़ी नाका के स्वामी रामदास जी महाराज, प्रयागराज त्रिवेदी संगम के स्वामी अभिरामाचार्य जी महाराज, झांसी के श्री शक्ति हनुमान मंदिर के महंत स्वामी अर्पित दास जी महाराज सहित हिमालय में ₹ग्लेशियर बाबा₹ के नाम से सुप्रसिद्ध संत बाल योगी चैतन्य जी महाराज शामिल हैं। 25 अगस्त को संध्या काल में भारतीय शास्त्रीय संगीत का कार्यक्रम भी रखा गया है। जिसमे बांसुरी वादक पंडित पारसनाथ, सुप्रसिद्ध शहनाई वादक अश्विनी शंकर ,सुप्रसिद्ध सरोद वादक स्मित तिवारी, सुप्रसिद्ध तबला वादक अनूप घोष, सुप्रसिद्ध तबला वादक शांतनु नरेंद्र, सुप्रसिद्ध कीबोर्ड प्लेयर अनिलधुमाल सहित इंस्ट्रूमेंट प्लेयर सिद्धेश नरेंद्र मिलजुलकर संगीत में भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देंगे। यह दो दिवसीय कार्यक्रम भोपाल के छान वार्ड स्थिति गुरुदेव ब्रह्मानंद सरस्वती आश्रम के ₹महर्षि उत्सव भवन₹ में संपन्न होगा। इस संपूर्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का लाइव प्रसारण रामराज टीवी के वेबसाइट ,यूट्यूब एवं फेसबुक चैनलों पर भी किया जाएगा।

# अंग्रेजी भाषा में युवा संतों ने दिया मानवता का संदेश

## जोन स्तरीय इंग्लिश मीडियम समागम संपन्न

दैनिक भेल पॉवर ■

**बैरागढ़।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद से निरंकारी मिशन के जोन भोपाल 24 ए की ब्रांच बैरागढ़ में जोन स्तरीय इंग्लिश मीडियम संत समागम गुरुग्राम से पधारी परम आदरणीय बहन रश्मि राघव जी की हुजूरी में शनिवार को बैरागढ़ स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का पावन संदेश अंग्रेजी भाषा में आमजन तक पहुंचाया। समागम में भोपाल जोन की सभी ब्रांचो के संतों द्वारा मानवता का संदेश अंग्रेजी भाषा में देते हुए विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर संत बहन द्वारा प्रांगण में निरंकारी मिशन का इतिहास दशार्ती आकर्षक प्रदर्शनी का भी अवलोकन कर सराहना की गई । समागम में बच्चों और युवाओं द्वारा आकर्षक भक्तिमय प्रस्तुतियां दी गई । इस



दौरान बड़ी संख्या में निरंकारी संतों द्वारा नाटक और विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन कर भक्तिमय वातावरण निर्मित किया गया । युवा संतो ने समागम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को निरंकारी मिशन का संदेश देते हुए नाटक, गायन आदि कर निरंकारी मिशन की गतिविधियों से भी अवगत कराया । ज्ञातव्य है कि संत निरंकारी मंडल जोन 24 ए भोपाल की सभी ब्रांचो में विभिन्न कार्यक्रम जोनल इंचार्ज महात्मा अशोक जुनेजा जी के निर्देशन में निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं । समागम के दौरान जोनल इंचार्ज महात्मा श्री अशोक जुनेजा, क्षेत्रीय संचालक महात्मा श्री अखिलेश यादव, बैरागढ़ ब्रांच संयोजक महात्मा श्री महेश वीधानी, भोपाल जोन की सभी ब्रांचों के संयोजक, मुखी, संचालक सहित सभी अधिकारीगण, बड़ी संख्या में साध संगत उपस्थित थे। ब्रांच संचालक महात्मा श्री अशोक नाथानी जी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फ्लाईओवर और सड़क परियोजनाओं के लिए महाकौशलवासियों को दी बधाई

# कटनी माइनिंग कॉन्क्लेव से होगा खनिज संसाधनों का बेहतर उपयोग

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर के फ्लाईओवर सहित दो सड़क चौड़ीकरण परियोजनाओं के आज हो रहे लोकार्पण और सड़क निर्माण व चौड़ीकरण संबंधी 6 कार्यों के शिलान्यास के लिए महाकौशलवासियों को बधाई दी। उन्होंने कटनी में शनिवार को आयोजित मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 के लिए भी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर प्रवास से पहले जारी अपने संदेश में कहा कि जबलपुर का एलिवेटेड कॉरिडोर प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाईओवर होगा। हमारा सौभाग्य है कि लोकार्पण समारोह में केंद्रीय केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी पधार रहे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाकौशल में कटनी और शहडोल खनन गतिविधियों का प्रमुख केन्द्र है। कटनी में खनन आधारित उद्योगों में निवेश बढ़ाने के लिए माइनिंग इंडस्ट्री कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन हो रहा है। इस आयोजन में देश के कई प्रतिष्ठित औद्योगिक घरानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रदेश में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर से बेहतर दोहन करते हुए राज्य सरकार गरीब कल्याण, युवाओं के रोजगार और नारी सशक्तिकरण किसान कल्याण के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। राज्य सरकार ने अलग-अलग सेक्टर्स में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाया हुआ है, जिससे प्रदेश के हर वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। अब प्रदेश के युवाओं को दूसरे राज्यों में काम करने के लिए नहीं जाना पड़ेगा। सरकार के इन प्रयासों से उन्हें अपनी क्षमता और योग्यता के बल पर प्रदेश में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। मध्यप्रदेश देश का नंबर-1 राज्य बनेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार पूरी क्षमता के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है।

# हाईवे पर रात्रि में लूट करने वाली गैंग का पदार्फाश, आरोपी गिरफ्तार, लूट का माल भी बरामद

दैनिक भेल पॉवर ■

**सत्येंद्र जोशी रायसेन।** आरोपी कितने भी शातिर क्यों ना हों, पुलिस के हत्थे चढ़ ही जाते हैं। एसपी पंकज कुमार पांडे की शानदार मॉनिटरिंग के चलते पुलिस ने लूट की घटना का पदार्फाश कर लिया है। दिनांक 23/08/2025 की रात्रि लगभग 01:00 बजे फरियादी विजय कुमार जैन निवासी शाहगढ़, जिला सागर द्वारा सूचना दी गई कि वह अपने भतीजे का गृहस्थी का सामान पीथमपुर से पिकअप वाहन (क्र. टढ15ऋ5140) में लेकर अपने गांव शाहगढ़ (जिला सागर) जा रहे थे। रायसेन क्षेत्र में कोढ़ी नदी पुल के पास रात्रि विश्राम के दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार 6 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फरियादी से नगदी, मोबाइल एवं अन्य सामान लूट लिया गया तथा पिकअप वाहन को लेकर आरोपी भोपाल की ओर भाग निकले। सूचना पर डायल 100 सलामतपुर की टीम तत्काल



मौके पर पहुंची और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए वाहन एवं आरोपियों की तलाश प्रारंभ की। बौद्ध यूनिवर्सिटी के सामने पिकअप वाहन परित्यक्त अवस्था में मिला। जिसमें से सामान बिखरा हुआ था। वहीं अर्जुन राठौर से भी नगदी व मोबाइल लूटे जाने की पुष्टि हुई। पुलिस अधीक्षक रायसेन के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसेन के निर्देशन पर 05 पुलिस टीम तैयार कर एसडीओपी रायसेन के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर आरोपी बेरखेड़ी चौराहे के पास बाइक छोड़कर जंगल में भागे। लगातार सर्चिंग के दौरान पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसने अपराध स्वीकार करते हुए अन्य पांच साथियों के नाम बताए। गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड राजगढ़ जिले में चोरी व डकैती के मामलों से जुड़ा हुआ है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

**आरोपियों से जप्त सामग्री**

1 लूटी हुयी एक मोटर साइकल, आरोपियों की पतासाजी व गिरफ्तारी करने पर श्रीमान डीआईजी महोदय द्वारा 20,000 नगद ईनाम की घोषणा की गई है। इस कार्यवाही में विशेष योगदान देने वाले अधिकारी/कर्मचारी श्रीमति प्रतिभा शर्मा, अनुभागीय अधिकारी रायसेन नरेंद्र गोयल, थाना प्रभारी कोतवाली रायसेन दिनेश, थाना प्रभारी सलामतपुर, जयप्रकाश त्रिपाठी, थाना प्रभारी सांची सुनील शर्मा, सहायक उप निरीक्षक आरक्षकः रंजीत लोधी, शैलेंद्र सोलंकी, रंजीत धाकड़, रोहित गोस्वामी प्रधान आरक्षकः 166 दिनेश राजपूत, ध्रुव सिंह एएसआई चंद्रपाल सिंह आरक्षकः रामकरण शर्मा, दीपक उपनरे, साइबर टीम सुरेन्द्र सिंह, आरक्षक शुभम रायसेन पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से हाईवे लूट का पदार्फाश किया गया तथा अपराधियों पर नकेल कसी गई।

# लोक अदालत में बिजली प्रकरणों पर मिलेगी राहत



दैनिक भेल पॉवर ■

**नरसिंहगढ़।** आगामी 13 सितंबर को जिले व तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। इसके प्रति जागरूकता लाने हेतु शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश अशोक भारद्वाज, न्यायाधीश गौरव अग्रवाल, अदिति अग्रवाल, स्वाति गोयल, अदिति मंडलोई व मीनू दुबे पचौरी ने हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना की। यह रैली नगर व ब्लॉक स्तर पर लोगों को जागरूक करेगी। बिजली विभाग के डीई रामपाल सिरसाटे ने बताया कि लोक अदालत में उपभोक्ताओं के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा और उन्हें छूट व राहत भी मिलेगी।

# गणेश मंदिर सूरजपोल पर गणेश जन्म पर होंगे आयोजन

## इंदौरी आर्टिस्ट दिल्ली के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा महारास नरसिंह अवतार हिरण कश्यप वध काली रूद्र रूप के दर्शन भस्म मसान होली नृत्य का होगा आयोजन

दैनिक भेल पॉवर ■

**नरसिंहगढ़।** 60 वर्षों से परंपरागत रूप से गणेश मंदिर सूरजपोल पर गणेश उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाता है वहीं इसी वर्ष महाकाल ग्रुप के द्वारा सूरजपोल गणेश मंदिर पर-प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है 10 दिवसीय गणेश उत्सव में महाकाल ग्रुप द्वारा बुधवार 27अगस्त बुधवार प्रातः 10:00 बजे श्री गणेश जी का अभिषेक 11:00 बजे सिंगार और शाम 7:00 बजे बब्बा का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा *महाकाल ग्रुप के द्वारा इंदौर आर्टिस्ट दिल्ली इंदौर के प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा चार दिवसीय कार्यक्रम होंगे दिनांक 29 तारीख दिन शुक्रवार को * नरसिंह अवतार हिरण कश्यप वध राजस्थानी लोक नृत्य मंजुलिका की भूमिका और कालबेलिया गोरिल्ला नृत्य के आकर्षित प्रस्तुतियां दी जाएगी वहीं 30 तारीख दिन शनिवार राधा कृष्ण सुदामा मयूर नृत्य रासलीला का वर्णन 31 तारीख रविवार शिव बारात शंकर पार्वती विवाह मसान होली मां काली का रूद्र रूप 1 तारीख सोमवार * मां के भव्य रूप का दर्शन मां गंगा की मनमोहक प्रस्तुति का कार्यक्रम होगा कार्यक्रम प्रतिदिन समय रात्रि 8:00 से 12:00 बजे तक चलेगा महाकाल ग्रुप गणेश मंदिर सूरजपोल सभी से निवेदन करता है के सुप्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग भगवान के रूप के दर्शन सुंदर प्रस्तुति आनंद ले 60 वर्षों से लगातार चली आ रही परंपरा सर्वप्रथम स्वर्गीय महिला कुमारन अम्मा ने हाथों से मिट्टी की मूर्ति बनाकर की थी अम्मा द्वारा मंदिर पर 10 वर्षों तक आकर्षक मिट्टी की मूर्ति का निर्माण किया था श्री गणेश मंदिर लगभग 80 साल पुराना मंदिर है मंदिर की स्थापना मोहल्ले के स्वर्गीय बुजुर्गों द्वारा की गई थी पूर्व में मंदिर में गणेश अखाड़ा भी चला जो नगर में सुप्रसिद्ध है मिट्टी से आकर्षण मूर्ति से झांकी की शुरूआत हुई जिसकी परंपरा अभी तक चालू है।

# 24 अगस्त से गुजरात के विशेषज्ञ ट्रेनरों द्वारा प्रतिभागियों को मिलेगा प्रशिक्षण

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** सनातनी गरबा महोत्सव दूसरा साल, जम्बूरी मैदान पर सात दिनों तक आराधना आधार कार्ड के बिना नहीं मिलेगी भोजपाल गरबा महोत्सव में एंट्री, बॉलीवुड के गाने भी नहीं बजेंगे भोपाल. शारदीय नवरात्रि के मौके पर राजा भोज की नगरी भोपाल में इस बार फिर भोजपाल सनातनी गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। भेल के जम्बूरी मैदान पर आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव में परंपरा और आधुनिकता की झलक दिखाई देगी। गरबा महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। 24 अगस्त से गुजरात के विशेषज्ञ ट्रेनरों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। भोजपाल गरबा महोत्सव के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि बीते साल हुए सांस्कृतिक गरबा महोत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। शहरवासियों की मांग पर इस बार सात दिनों तक आयोजन किया जाएगा। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के लिए तैयारियां और अपना स्थान बुक कराना शुरू कर दिया है। गुजरात के विशेषज्ञ ट्रेनरों द्वारा प्रतिभागियों को गुजराती भवन आनंद विहार स्कूल के सामने, 74 बंगला टीटी नगर और श्री कृष्ण मंदिर विजय मार्केट बरखेड़ा भेल में अलग-अलग बैचों में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। **सात दिनों तक होगी आराधना, 24 अगस्त से प्रशिक्षण**- माता रानी की आराधना के लिए सात दिनों तक गरबा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। 23 से 29 सितम्बर तक आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव के लिए 24 अगस्त से प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा। शहर में कई जगहों पर ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिलाने के लिए गुजरात से विशेष प्रशिक्षित टीम को बुलाया गया है। **इनाम में मिलेगी, स्कूटी, सोना- चांदी**- गरबा महोत्सव में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को सोने- चांदी के जेवरात सहित अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रशिक्षण लेकर गरबा करने वाले प्रथम आने वाले प्रतिभागी को एक्टिवा, इलेक्ट्रिक स्कूटी इनाम में दिया जाएगा। विशेष ईनाम में ज्वेलरी, टीवी, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स सहित प्रतिदिन अन्य ईनाम दिया जाएगा। 1 लाख किलो वॉट के साउंड सिस्टम और म्यूजिकल बैंड पर प्रस्तुति दी जाएगी। सनातनी गरबा में पहचान पत्र से दी जाएगी एंट्री जम्बूरी मैदान पर आयोजित होने वाले भोजपाल गरबा महोत्सव में इस साल भी पहचान पत्र दिखाने पर एंट्री दी जाएगी। यह गरबा महोत्सव हिन्दू संस्कृति और संस्कारों से ओत प्रोत रहेगा। ऐसे में गरबे में सनातनी हिन्दू परिवार और बहू बेटियों को ही एंटी दी जाएगी। आयोजकों ने गरबा महोत्सव को लेकर कई नियम तय किए हैं। उनका कहना है कि गरबा कोई इवेंट नहीं है, मां जगदम्बा का अनुष्ठान है। अगर नौ दिन तक अनुष्ठान और पूजा हो रही है, तो इसके लिए जो नियम होंगे, वह सभी को मानने चाहिए। गरबा के लिए फूहड़ और अश्लीलता फिल्मी गाने नहीं बजेंगे। माता रानी की भक्ति गीतों पर ही गरबा आयोजित होगा।

# महर्षि संस्थान में आदर्ष भारत निर्माण पर परिचर्चा का आयोजन

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** भारत वर्ष को आदर्ष भारत बनाने हेतु महर्षि संस्थान के प्रमुख वेद विद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी गिरीष जी ने महर्षि आदर्ष भारत अभियान योजना का शुभारंभ किया है। इस योजना को आगे बढ़ाने के लिये महर्षि संस्थान में आज दिनांक 24 अगस्त को एक परिचर्चा का आयोजन किया गया है। इस परिचर्चा में माननीय उच्च न्यायालयों के सेवा नितृत्त न्यायाधीषमाननीय उच्चतम व उच्च न्यायालयों के वरिष्ठ अधिवक्ता, प्रसिद्ध वैद्य, डॉक्टर्स, भारतीय प्रषासकीय सेवा के अधिकारीगण, षिक्षाविद, भारत वर्ष के जाने माने व्यवसायी, राजनीतिज्ञ एव संत भाग लेंगे। ब्रह्मचारी गिरीष जी ने इस परिचर्चा की सूचना देते हुये बताया कि भारत वर्ष में ज्ञान विज्ञान की कोई कमी नहीं है। भारतीय वैदिक, शाष्वत, वेद के ज्ञान को षिक्षा, स्वास्थ्य, प्रषासन,





कृषि, सुरक्षा, राजनीति आदि क्षेत्रों में सम्मिलित करने की त्वरित आवष्यकता है। ऐसा करने से भारत का प्रत्येक व्यक्ति आदर्ष, शांतिपूर्ण एवं आनंदमय जीवन प्राप्त करेगा। समाज में सामूहिक रूप से शांति एवं आदर्ष व्यवस्था बनेगी। ग्राम, नगर, प्रांत, भारत वर्ष और विष्व परिवार सभी आदर्ष होंगे। उन्होंने आगे बताया कि महर्षि संस्थान वैदिक ऋषियों, महर्षियों, ब्रह्मर्षियों और राजर्षियों के इस संकल्प को लेकर अत्यंत तीव्रता से इस क्षेत्र में कार्य करेगा। अतिषीघ्र भारत आदर्ष भारत होगा। भारत की सभी समस्याएं सुलझेंगी, भारत विष्व क्षितिज पर अगणित सूर्यों का प्रकाष लेकर अजेय भारत के रूप में प्रतिष्ठित होगा। संस्थान के निदेषक जनसंपर्क एवं संचार -श्री विजय रत्न खरे ने सूचित किया कि दिनांक 25 अगस्त सोमवार को एक वृहद योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। इस योजना को महर्षि विष्व - आनंदमय विष्व योजना का नाम दिया गया है। ब्रह्मचारी गिरीष जी द्वारा इस योजना का वैष्विक शुभारंभ 25 अगस्त 2025 को किया जायेगा।



दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** बीएचईएल, भोपाल के प्रशासनिक भवन में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में श्री रूपेश तैलंग, महाप्रबंधक (FEEDERS AND TCB-MFG,COM.& MAINT.) ने 11 पर्यवेक्षकों एवं 1 कर्मचारी को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी । इस अवसर पर श्री टी यू सिंह, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भी उपस्थित थे ।

# जितेंद्र नामदेव का निधन



दैनिक भेल पॉवर ■

***नरसिंहगढ़।*** *नगर के निवासी जितेंद्र नामदेव का बीती रात्रि को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम पर किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में परिजन, रिश्तेदार व नगरवासी ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनको मुखाग्नि बेटे दामन ने दी।*

# हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** बीएचईल में राजभाषा हिन्दी के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु हिन्दी मास, 2025 के अंतर्गत दिनांक 23.08.2025 को सभी वर्गों के लिए हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई. जिसमें उत्पादकता, गुणता, हिन्दी, प्रबंधन एवं सारगर्भित मौलिक रचनाओं को समाहित किया गया. प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि श्री टी.यू.सिंह, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इतनी अधिक संख्या में प्रतिभागियों को देखकर बहुत खुशी हो रही है. बीएचईएल में प्रतिभा की कमी नहीं है हमारे संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभाशाली कर्मचारी हैं. हम दैनदिंनी कार्यों में क्लिष्ट हिंदी का प्रयोग ना करके सरल और



बोलचाल के शब्दों का चयन करें. हम सभी अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें. हम सबको मिलकर चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को प्राप्त करना है और अपने संस्थान को आगे ले जाना है. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे श्री वी.वी.खरे, अपर महाप्रबंधक (पीआरएम, टीजीएम एवं एफडीएक्स) ने कहा कि हिन्दी की सेवा भाषा की सेवा है. उन्होंने कहा कि राजभाषा के कार्यक्रमों का उद्देश्य राजभाषा का स्तर बनाएं रखना है चूँकि हम ह्यकह्न क्षेत्र में आते हैं अतः हमें अपने दैनंदिनी कार्यों में हिंदी का प्रयोग बढ़ाना होगा. हम सभी को मेहनत और ईमानदारी से संस्थान को नई ऊंचाईयों पर पर पहुँचाना है. इस प्रतियोगिता में 26 रचनाओं का पाठ किया गया. इस अवसर पर निर्णायकगण सर्वश्री धर्मेन्द्र सिंह सौलंकी, आर्टिजन (एलईएम), चंदन कुमार सिंह, आर्टीजन (क्यूटीआर) एवं श्रीमती पूनम साहू, प्रबंधक (राजभाषा) उपस्थित थे. इस प्रतियोगिता में 26 रचनाओं का पाठ किया गया।

### छात्रावासों में बच्चों की नियमित हो चिकित्सकीय जांच सुश्री सोनिया मीना

# शासकीय संस्थाओं के नियमित निरीक्षण में कोताही न बरतें अधिकारी: कलेक्टर

## खाद वितरण व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करें एसडीएम, कालाबाजारी करने वालो पर की जाए सख्त कार्रवाई

**नर्मदापुरम (निप्र)।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने समय सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एससी, एसटी एवं ओबीसी छात्रावासों में बच्चों की नियमित जांच और चिकित्सकीय परीक्षण अनिवार्य रूप से कराया जाए। उन्होंने कहा कि शालाओं, छात्रावासों, स्वास्थ्य केंद्रों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण केवल औपचारिकता न हो, बल्कि संस्थाओं में सामने आने वाली वास्तविक समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि संबंधित जिला अधिकारी निरीक्षणकर्ता अधिकारियों की टीप के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करें और संस्थाओं में सुधारात्मक कदम तत्काल उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि संस्था निरीक्षण के कार्य को अधिकारी विशेष प्राथमिकता देते हुए संपादित करें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण, दर्ज टिप्पणियों और उसके आधार पर किए गए सुधारात्मक कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों ने अभी तक निरीक्षण नहीं किया है, वे भी शीघ्र प्राथमिकता से आवंटित संस्थाओं का निरीक्षण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन छात्रावासों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं, वहां शीघ्र कैमरे स्थापित किए जाएं। साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित पंजियों का अवलोकन और अन्य आवश्यक सुधार सुनिश्चित करें। समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने एसीएस बैठक में चिन्हित कार्यवाही बिंदुओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित



किया कि बैठक के दौरान चिन्हित बिंदुओं की अद्यतन जानकारी विस्तारपूर्वक परीक्षण के उपरांत सुस्पष्ट एवं संक्षेप में दर्ज करें। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर केवल तथ्यपूर्ण एवं वास्तविक जानकारी ही दर्ज की जाए। किसी भी प्रकार की अपूर्ण जानकारी दर्ज न करे। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी दो दिवसों के भीतर सभी कार्यवाही बिंदुओं से संबंधित जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करें।

समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने निराश्रित गौवंश एवं जर्जर भवनों से संबंधित कार्यवाहियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने विशेष रूप से सोहागपुर एवं माखननगर क्षेत्र के सीईओ, सीएमओ एवं एसडीएम को निर्देशित किया कि सड़क मार्गों पर निराश्रित गौवंश की आवाजाही को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने प्रत्येक तहसील की गौशालाओं की क्षमता की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्थायी गौशालाओं में क्षमता अनुरूप निराश्रित गौवंश का स्थानांतरण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा डिस्मेंटल किए गए भवनों की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। कलेक्टर ने जर्जर भवनों से संबंधित वर्तमान कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष डिस्मेंटल होने योग्य जर्जर भवनों की शीघ्र डिस्मेंटलिंग सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि गौशालाओं एवं जर्जर भवनों से संबंधित कार्यवाहियों का निर्वहन प्राथमिकता के साथ करें। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विभाग वार रिव्यू के दौरान निर्देश दिए कि बॉटम स्थान प्राप्त करने वाले विभाग शिकायतों के समाधान की स्थिति में सुधार करें। कलेक्टर ने विशेष रूप से राजस्व विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि 500 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण में तेजी लाई जाए। उन्होंने समाधान ऑनलाइन के अंतर्गत चिन्हित बिंदुओं की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संबंधित सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी शीघ्र शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा की एफसी किए गए प्रकरणों का भी परीक्षण किया जाए। उन्होंने अपर कलेक्टर को एफसी किए गए एवं एफसी योग्य प्रकरणों के फॉलोअप करने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि शासकीय कार्यालयों में दोपहिया वाहन से यात्रा करने वाले सभी अधिकारी एवं कर्मचारी हेलमेट पहनकर ही आएं। साथ ही सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित प्रपत्र में हेलमेट उपयोग करने वाले एवं न करने वाले कर्मचारियों की जानकारी अद्यतन कर समय पर प्रस्तुत की जाए। कलेक्टर सुश्री मीना ने समस्त एसडीएम को निर्देश दिए कि खाद उपलब्धता की स्थिति की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि गोदामों एवं समितियों में खाद वितरण का उचित प्रबंधन सुनिश्चित हो, ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके।

### कलेक्टर ने दिए निर्देष

सभी एसडीएम एवं तहसील स्तरीय कार्यालय ई–ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही पत्राचार करें। उन्होंने निर्देश दिए कि विकासखंड स्तर पर भी अधिकारी अपने–अपने अधीनस्थ कार्यालयों में ई–ऑफिस प्रणाली को अनिवार्य रूप से अपनाएं। शेष बचे हुए सीईओ एवं सीएमओ को शीघ्र ऑन बोर्ड करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत स्पष्ट किया कि कोई भी प्रकरण समय सीमा से बाहर न जाए। कलेक्टर द्वारा मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत सभी कर्मचारियों का पंजीयन द्व–दृश्ल्ल पोर्टल पर कर प्रोफाइल अद्यतन करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सुजान सिंह रावत, अपर कलेक्टर श्री राजीव रंजन पांडे, संयुक्त कलेक्टर श्री निलेश कुमार शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट श्री बृजेंद्र रावत, एसडीएम श्रीमती नीता करी सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।





## विश्व मच्छर दिवस पर डेंगू नियंत्रण हेतु जागरूकता एवं लार्वा सर्वे अभियान

**विदिशा (निप्र)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में आज विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा के छात्र-छात्राओं एवं एंबेड परियोजना के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनसमुदाय को मलेरिया एवं डेंगू के कारण, लक्षण, जांच, उपचार एवं बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विदिशा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू लार्वा सर्वे किया गया। सर्वे के दौरान कुल 381 घरों की जांच की गई, जिनमें से 12 घरों में डेंगू लार्वा पाए गए। इन लार्वा को तुरंत कीटनाशक दवा का छिड़काव कर नष्ट कर दिया गया।जनसमुदाय से अपील की गई कि घरों में रखे सभी पानी के बर्तन, कूलर, टंकी, टायर, गमले एवं फ्रिज की ट्रे की प्रति सप्ताह सफाई करें। बड़े पानी के कंटेनरों में प्रति सप्ताह मीठा तेल डालें। मच्छरों से बचाव हेतु पूरे शरीर ढकने वाले कपड़े पहनें, मच्छरदानी का उपयोग करें और शाम को नीम पत्तियों का धुआं करें।

तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, शरीर पर चकत्ते, जोड़ों व मांसपेशियों में दर्द या रक्तस्त्राव के लक्षण प्रकट होने पर तुरंत नजदीकी चिकित्सक से संपर्क करें। जिले में डेंगू की जांच हेतु डेंगू एलाइजा टेस्ट सुविधा जिला चिकित्सालय विदिशा एवं अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। आज प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कुल 42 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 1 मरीज डेंगू पॉजिटिव पाया गया है। यह अभियान जिले में डेंगू एवं मलेरिया के प्रसार की रोकथाम और जनजागरूकता के लिए निरंतर जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### रहटगांव के रोजगार मेले में 31 युवाओं का चयन हुआ

**हरदा (निप्र)।** म.प्र.डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन हरदा द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को ग्राम पंचायत भवन रहटगांव में रोजगार मेला आयोजित किया गया। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनीयो ने सहभागिता की। इसमें मुख्य रूप से एसआईएस नीमच, शिवशक्ति बायोटैक भोपाल, एवं टाटा मोटर्स अहमदाबाद, प्रतिभा सिंटेक्स पीथमपुर, ट्राईडेंट बुधनी, वर्धमान फैब्रिक बुधनी, ने ऑनलाइन उपस्थित रहकर युवाओं का भी चयन किया गया। रोजगार मेले में 63 बेरोजगार युवक युवतियों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमे से 31 युवकों को विभिन्न कंपनियो व संस्थाओं द्वारा रोजगार एवं प्रशिक्षण के लिये चयन किया गया। मेले में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक श्री राधेश्याम जाट, प्रभारी विकासखंड प्रबंधक श्री अभिजीत मिश्रा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### अवैध रूप से ट्रांसफार्मर स्थापित कर बिजली चोरी में एफआईआर दर्ज

**रायसेन (निप्र)।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रायसेन वृत्त के बरेली संभाग अंतर्गत वितरण केंद्र बाड़ी के ग्राम उरदमऊ में अवैध रूप से 25 के.व्ही.ए के दो ट्रांसफार्मर रखकर बिजली चोरी पर कंपनी द्वारा आरोपियों के विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर थाना बाड़ी में एफआईआर दर्ज कराई गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक प्रबंधक बाड़ी वितरण केंद्र ने बताया कि कंपनी के विजिलेंस दल द्वारा विद्युत लाइनों के निरीक्षण एवं चेकिंग के दौरान 11 के.व्ही. दिगबाड़ फीडर से बिना अनुमति अवैध रूप से लाइन का विस्तार कर 25 के.व्ही.ए. क्षमता के दो ट्रांसफार्मर स्थापित कर विद्युत चोरी करते पाए जाने पर आरोपियों के विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर थाना बाड़ी में एफआईआर दर्ज कराने की कार्यवाही की गई है। कंपनी द्वारा इस दौरान अवैध कनेक्शन पर पंचनामा बनाकर डिस्कनेक्शन करते हुए अवैध रूप से रखे गये 25 केवीए के दो ट्रांसफार्मर, कंडक्टर एवं अन्य सामग्री को भी जब्त किया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि अनधिकृत रूप से लाइन का विस्तार एवं अवैध रूप से ट्रांसफार्मर रखकर विद्युत चोरी करने से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित होती है। इससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है तथा विभाग को आर्थिक क्षति भी होती है। कंपनी ने बताया है कि इस प्रकार से अवैध गतिविधियाँ पाई जाती हैं, तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध कंपनी द्वारा कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कंपनी ने आमजनों से अपील की है कि अनधिकृत रूप से विद्युत का उपयोग न करें तथा कंपनी से अनुमति प्राप्त कर नियमों का पालन करते हुए बिजली का उपयोग करें, जिससे सुरक्षित एवं सतत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

### सीएमएचओ डॉ हुरमाड़े ने ली समीक्षा बैठक

**बैतूल (निप्र)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने मंगलवार को एनआईसी कक्ष बैतूल में राज्य स्तरीय वीडियो कान्फ्रेस के बाद समस्त बीएमओ, बीपीएम, बीईई एवं बीसीएम की समीक्षा बैठक ली। सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की एवं कम उपलब्धि वाले राष्ट्रीय कार्यक्रमों में प्रगति लाने के आवश्यक निर्देश दिये। समस्त बीएमओ को अनमोल पोर्टल का डाटा मीटिंग लेकर का सुधारने, सामदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भीमपुर, आमला एवं घोड़ाडोंगरी बीएमओ को अनमोल में ब्लड ट्रांसफ्यूजन का डाटा अपडेट करने के निर्देश दिये साथ ही सेहरा, आमला बीएमओ को दस्तक अभियान में तीन दिन में डाटा सुधारने के निर्देश दिये। डॉ सरिता कालभोर मुलताई को एनसीडी का नोडल अधिकारी बनाने, मुलताई बीईई को एमडीआर का कार्य देखने, चिकित्सा अधिकारी शहरी क्षेत्र बैतूल डॉ शिखा घिघोड़े को वीडियो कान्फ्रेंस से अनुउपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। श्रीमती गायत्री सूर्यवंशी जिला अस्पताल एनएचएम लेखापाल को वीडियो कान्फ्रेस में विकासखंडवार डाटा लेकर आने के निर्देश दिए।



## खाद्य विभाग ने सुपारी कारोबारकर्ता के गोदाम का किया औचक निरीक्षण

**बैतूल (निप्र)।** कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की सघन जांच एवं नमूने लिए जाने की कार्रवाई की जा रही है। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन श्री शैलेंद्र बड़ोनिया के मार्गदर्शन में 19 अगस्त को खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप पाटिल, पुरुषोत्तम भंडारिया, शशि भारतीय एवं पुलिस विभाग से एएसआई यादव द्वारा पाथाखेड़ा में बिना अनुज्ञप्ति के संचालित हो रहे एक सुपारी कारोबार कर्ता का औचक निरीक्षण किया गया। फर्म को वेद अनुज्ञप्ति प्राप्त करने तक बंद रखने के निर्देश दिए गए।

फर्म से सुपारी के दो नमूने लिए गए। एजेंसियों से अचार मसाला, मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, हल्दी पाउडर के एक-एक नमूने लिए गए। लिए गए कुल 6 सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जाएंगे तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबार कर्ताओं को प्रतिष्ठान में साफ-सफाई रखने की हिदायत भी दी गई। यह कारवाई सतत जारी रहेगी।

### संस्कृत भाषा सभी भाषाओं की जननी है : राज्य मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी

## विदिशा में संस्कृत गौरव दिवस महोत्सव का आयोजन हुआ

**विदिशा (निप्र)।** संस्कृत गौरव दिवस महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आज विदिशा के रविंद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक (ऑडिटोरियम) भवन में हुआ। इस कार्यक्रम में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्कृत महोत्सव आयोजन के उद्देश्यों को रेखांकित किया और संस्कृत भाषा के महत्व के बारे में प्रकाश डाला है।

उन्होंने कहा कि आज विश्व में जितनी भी भाषाएं हैं उनकी जननी संस्कृत भाषा ही है। उन्होंने कई उदाहरण पेश भी किये साथ ही जितने भी प्राचीन धार्मिक ग्रंथ हैं उनकी रचना भी संस्कृत भाषा में ही हुई है। विश्व की जितनी भी भाषाएं हैं संस्कृत उन सभी भाषाओं का मूल है। उन्होंने सभी से आव्हान करते हुए कहा कि यदि हमें अपनी संस्कृति को जानना है तो संस्कृत भाषा को जानना अति आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी श्लोकों की रचना भी संस्कृत भाषा में ही हुई है। उन्होंने आज की युवा पीढ़ी को अपनी पढ़ाई के साथ-साथ संस्कृत भाषा का ज्ञान अर्जित करने





का भी आव्हान किया।

विदिशा विधायक श्री मुकेश टंडन ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्कृत भाषा के महत्व पर गहन प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा अति प्राचीन भाषा है जिसका ज्ञान अर्जन करना हम सभी को जरूरी है। संस्कृत गौरव दिवस महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आज ऑडिटोरियम भवन में कालिदास संस्कृत अकादमी मध्य प्रदेश संस्कृत परिषद उज्जैन द्वारा जिला शिक्षा विभाग विदिशा और पंडित गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास विदिशा के सहयोग से आयोजित किया गया था। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया।

यह कार्यक्रम 21 अगस्त को भी जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में सारस्वत अतिथि प्रोफेसर शिवाकांत द्विवेदी ग्वालियर, मैप कास्ट भोपाल के निदेशक श्री अनिल कोठारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण व शहर के आम नागरिक उपस्थित रहे।

# नन्हीं जान की मुस्कान लौटाई

**विदिशा (निप्र)।** 18:53 द्धस्न्न अटल बिहारी चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा में 19 अगस्त 2025 का दिन एक परिवार के लिए राहत और खुशियों से भरा साबित हुआ। श्री शानू लखेरा अपनी 10 माह की बच्ची को लेकर नाक-कान-गला विभाग की ओपीडी पहुँचे। दो दिन पूर्व मासूम ने खेलते-खेलते धातु का पेंडेंट निगल लिया था। गले में फंसा यह पेंडेंट उसकी जान के लिए खतरा बन गया।



चिंतित माता-पिता घबराए हुए थे, लेकिन विदिशा मेडिकल कॉलेज की कुशल चिकित्सक टीम ने बिना देर किए कार्यवाही की। तुरंत एक्स-रे जाँच कर स्थिति स्पष्ट की गई और ईएनटी एवं निश्चेतना विभाग की संयुक्त टीम ने दूरबीन (एंडोस्कोप) के माध्यम से जटिल ऑपरेशन किया। कुछ ही समय में पेंडेंट सफलतापूर्वक निकाल लिया गया।ऑपरेशन के बाद बच्ची अब पूरी तरह स्वस्थ है और खिलखिलाते हुए खेल रही है। उसके माता-पिता ने राहत की सांस ली और मेडिकल कॉलेज की टीम को दिल से धन्यवाद दिया। एक पल में संकट से जूझते परिवार के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। यह घटना न सिर्फ मेडिकल कॉलेज की चिकित्सा उत्कृष्टता को दर्शाती है, बल्कि विश्वास दिलाती है कि हर आपात स्थिति में यहाँ जीवन को बचाने की पूरी क्षमता मौजूद है। इस सफलता के पीछे समर्पित चिकित्सकों की टीम रही। मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. मनीष निगम ने कहा दृ हमारे पास सभी विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम है, जो हर आकस्मिक स्थिति में मरीजों की जान बचाने के लिए तत्पर रहती है। अधीक्षक डॉ. अविनाश लाघवे ने बताया दृ अटल बिहारी चिकित्सा महाविद्यालय 24 घंटे सेवाएँ प्रदान करता है और यहाँ जटिल सर्जरी भी नियमित रूप से की जाती हैं। बच्ची के गले से मैटल के पैंडल को सुरक्षित बाहर निकाल का सफल अंजाम देने वालों में ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. शिव कुमार रघुवंशी के साथ साथ सहायक प्राध्यापक द्धय डॉ. प्रियंका वर्मा, डॉ. शोबित यादव ,सीनियर रेसिडेंट डॉ. रिया जैन, जूनियर रेसिडेंट डॉ. निष्ठा तिवारी, निश्चेतना विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. ज्योति रघुवंशी तथा सीनियर रेसिडेंट डॉ. अमिता चंदेल सहित अन्य सहयोगियों ने टीम वर्क की भावना से उक्त कृत को पूरा किया है।

## कलेक्टर की पहल पर लीवर संबंधी बीमारियों की रोकथाम के लिए फ्री फाइब्रो स्कैन कैंप आयोजित

**सीहोर (निप्र)।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. की पहल पर स्वस्थ यकृत मिशन के तहत कलेक्ट्रेट के जिला पंचायत में विगत दिवस मोटापा, मधुमेह, असंतुलित आहार, शारीरिक निष्क्रियता और लीवर की स्वास्थ्य जांच के उद्देश्य से स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर में कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा 83 अधिकारियों सहित अनेक कर्मचारियों ने अपनी स्क्रीनिंग कराई थी। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में अनेक स्थानों पर भी शिविर लगाकर संभावित व्यक्तियों की लीवर की स्क्रीनिंग का कार्य किया गया। स्क्रीनिंग के दौरान नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज के चिन्हांकित 109 व्यक्तियों, जिनका बीएमआई 23 से अधिक, एफआईबी-4 स्कोर 1.3 से अधिक तथा कमर की नाप निर्धारित मापदंड से अधिक पाई गई थी, उनकी स्क्रीनिंग एवं उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में फ्री फाइब्रो स्कैन



कैंप आयोजित किया गया। कैंप में नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज के 109 मरीजों का फाइब्रोस्कैन मशीन द्वारा फाइब्रो स्कैन किया गया। इसके साथ ही इससे बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। मरीजों को खानपान एवं जीवन शैली में सुधार करने की सलाह दी गई एवं उपचार भी प्रदान किया गया। ताकि लिवर सिरोसिस एवं लिवर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव किया जा सके। शिविर में जिला नोडल ऑफिसर डॉ राजेश कुमार एवं नोडल अधिकारी डॉक्टर आरके सिंघल सहित अन्य चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थित थे।

# स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली से संतुष्ट हैं बिजली उपभोक्ता

### सीहोर शहरी क्षेत्र में लगाए जा चुके हैं 12,938 स्मार्ट मीटर



**सीहोर (निप्र)।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सीहोर में वर्तमान में आरडीएसएस योजनांतर्गत स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है। योजना के तहत विगत दो माह में शहरी क्षेत्र में लगभग 12,938 स्मार्ट मीटर लगाये जा चुके है। वर्तमान में स्मार्ट मीटर के संबंध में आम विद्युत उपभोक्ताओं के बीच में कई प्रकार की भ्रांतियां एवं अफवाहे फैलाई जा रही है।

इसी बीच जिन उपभोक्ताओं के घरो में स्मार्ट मीटर लगाये गये हैं, उनसे चर्चा की गई। चर्चा के दौरान उन उपभोक्ताओं के द्वारा स्मार्ट मीटर की कार्य प्रणाली एवं रीडिंग दर्ज की गति पूर्व में स्थापित मीटर के समान ही बतायी गई।

उपभोक्ताओं ने बताया कि उनके स्मार्ट मीटर में किसी भी प्रकार कोई अनियमितता दिखाई नहीं दे रही है और मीटर बिल्कुल सामान्य गति से चल रहा है। सीहोर के जोन-2 में प्रबंधक रविन्द्र अग्रवाल द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के घर सबमीटर लगाकर स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली एवं गुणवत्ता की जांच की गई। जांच के दौरान उन्होंने स्मार्ट मीटर के संबंध में उपभोक्ताओं से प्रतिक्रिया ली।

इस दौरान विद्युत उपभोक्ता श्री रमेश विश्वकर्मा निवासी पंचवटी कालोनी सीहोर, उपभोक्ता श्री प्रदीप कुमार मालवीय निवासी अवध पुरी, उपभोक्ता श्री देवेन्द्र त्यागी निवासी विश्वनाथ पुरी तथा अन्य उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली सही बताई गई है। उन्होंने बताया कि उनके घर पर लगा स्मार्ट मीटर बिल्कुल ठीक तरीके से कार्य कर रहा है तथा बिल भी खपत के अनुसार ही आ रहा है। उन्होंने बताया कि वे स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली से संतुष्ट हैं।



### चारूवा के रोजगार मेले में 48 युवाओं का प्राथमिक चयन हुआ

**हरदा (निप्र)।** म.प्र.डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन हरदा द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को ग्राम पंचायत भवन चारूवा में रोजगार मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में मुख्य रूप से एसआईएस नीमच, शिवशक्ति बायोटैक भोपाल, वर्कोमार्ट खण्डवा, ट्राईडेंट बुधनी, प्रतिभा सिंटेक्स पीथमपुर, वर्धमान फैब्रिक बुधनी तथा टाटा मोटर्स अहमदाबाद के द्वारा ऑनलाइन उपस्थित रहकर युवाओं का चयन किया गया। रोजगार मेले में 65 बेरोजगार युवक युवतियों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमे से 48 युवकों को विभिन्न कंपनियो व संस्थाओं द्वारा रोजगार एवं प्रशिक्षण के लिये चयनित किया गया।

# मोदी का मिशन बिहार, मगध से मुंगेर तक सियासी जड़ें जमाने में जुटी भाजपा



> बिहार में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आज यहां अस्पताल और रिसर्च सेंटर का उद्घाटन भी हुआ है। अब बिहार के लोगों को कैंसर के इलाज के लिए एक और सुविधा मिल गई है। गरीब के जीवन से मुश्किलें दूर करना, महिलाओं के जीवन को आसान बनाना सरकार का लक्ष्य है।

चुनावी माहौल शुरू होने से पहले ही बिहार में बहार आ गई है। पिछले कुछ महीनों से बिहार के लिए केंद्र सरकार ने अपना खजाना खोल दिया है। इसी क्रम में अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर बिहार पहुंचे , जहां उन्होंने 12,992 करोड़ रुपये की लागत वाली कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसमें गंगा पर बना 6 लेन वाला पुल भी शामिल है। इसके अलावा वैशाली से कोडरमा के बीच का बुद्ध सर्किट ट्रेन की शुरूआत भी हुई। प्रधानमंत्री के निशाने पर बिपक्ष रहा, वहीं डेमोग्राफी मिशन को लेकर भी अपना इरादा स्पष्ट किया। बिहार चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा महत्वपूर्ण है। वोध गया से बेगूसराय तक विकास की सौगात देकर मगध से मुंगेर तक साधने की कोशिश की।

बिहार में बीजेपी का सबसे कमजोर गढ़ मगध का क्षेत्र माना जाता है, जिस पर अपनी मजबूत पकड़ को बनाए रखने के लिए हरसंभव कोशिश में जुटी है। इस इलाके में भाजपा सियासी जुड़े जमाने के लिए जीतन राम मांझी, उपेन्द्र कुशवाहा और चिराग पासबान से हाथ मिलाकर रखा है। नवादा, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल में महागठबंधन का ही पलड़ा भारी था। इस क्षेत्र की 20 सीट पर महागठबंधन ने जीत दर्ज की थी, जबकि 6 सीट पर ही राजग को ही कामयावी मिली थी। मगध और मुंगेर प्रमंडल में महागठबंधन कि दबदबा रहा है। इसे तोड़ने प्रधानमंत्री का दौरा कितना कारगर होगा, यह तो वक्त ही बताएगा।

प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज जिन परियोजनाओं का लोकार्पण या शिलान्यास हुआ है। इनमें ऊर्जा, स्वास्थ्य और शहरी विकास के जुड़े कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। इनसे बिहार के उद्योगों को ताकत मिलेगी, और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। बिहार में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आज यहां अस्पताल और रिसर्च सेंटर का उद्घाटन भी हुआ है। अब बिहार के लोगों को कैंसर के इलाज के लिए एक और सुविधा मिल गई है। गरीब के जीवन से मुश्किलें दूर करना, महिलाओं के जीवन को आसान बनाना सरकार का लक्ष्य है। जनता-जनार्दन का सेवक बनकर यही काम करने में सबसे ज्यादा खुशहाली होती है।

सरकार की प्रतिवद्वता दुहराते हुए कहा कि– मेरा एक बड़ा संकल्प है। जब तक हर जरूरतमंद को पक्का घर नहीं मिल जाता, मोदी चैन से नहीं बैठेगा। इसी सोच के साथ पिछले 11 साल में 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्के घर बनाकर दे दिए गए हैं। अकेले हमारे बिहार में 38 लाख से अधिक आवास बनाए गए। गया जिले में भी 2 लाख से अधिक परिवारों को अपना पक्का घर मिला है। और हमने सिर्फ घर यानी 4 दीवारें नहीं दी, बल्कि इन घरों के साथ गरीब को उसका स्वाभिमान दिया है। इन घरों में बिजली, पानी, शौचालय और गैस कनेक्शन की सुविधाएं दी हैं। यानी, गरीब परिवारों को भी सुविधा, सुरक्षा और सम्मान से जीने की गारंटी मिली है।

उन्होंने कहा कि आज इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए, बिहार के मगध क्षेत्र के 16 हजार से ज्यादा परिवारों को अपना पक्का घर दिया है। यानि इस बार इन परिवारों में दीवाली और छठ पूजा की रौनक और ज्यादा होगी। उन्होंने अपना घर पाने वाले सभी लाभार्थी परिवारों को बहुत-बहुत बधाई दी और कह कि जो लोग अब भी पीएम आवास योजना के लाभ से छूट गए हैं, मैं उन्हें विश्वास दिलाता हूं, कि पीएम आवास का अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक हर गरीब को अपना पक्का घर नहीं मिल जाता। बिहार चन्द्रगुप्त मौर्य और चाणक्य की धरती है। जब-जब किसी दुश्मन ने भारत को चुनौती दी है, बिहार देश की ढाल बनकर खड़ा हुआ है। बिहार की धरती पर लिया हुआ हर संकल्प, ये धरती की ताकत है, इस धरती पर लिया गया हर संकल्प कभी खाली नहीं जाता।

उन्होंने कहा कि बिहार का तेज विकास केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक सरकार की बहुत बड़ी प्राथमिकता है। इसलिए आज बिहार चौतरफा विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। पिपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में पुरानी समस्याओं के समाधान तलाशे गए हैं, और नई प्रगति के रास्ते भी बनाए गए हैं। आप याद करिए, लालटेन राज में यहाँ कैसी दुर्दशा थी। लालटेन राज में ये क्षेत्र लाल आतंक से जकड़ा हुआ था। माओवादियों की वजह से शाम के बाद कहीं आना-जाना मुश्किल था। गयाजी जैसे शहर लालटेन राज में अंधेरे में डूबे रहते थे। हजारों गाँव ऐसे थे, जहां बिजली के खंबे तक नहीं पहुंचे थे। लालटेन वालों ने पूरे बिहार के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया था। न शिक्षा थी, न रोजगार था, बिहार की कितनी पीढ़ियों को इन लोगों ने बिहार से पलायन के लिए मजबूर कर दिया था। बिहार के लोगों को आरजेडी और उसके साथी सिर्फ अपना वोटबैंक मानते हैं, उन्हें गरीब के सुख-दुख, गरीब के मान-सम्मान से कोई मतलब नहीं है। आपको याद होगा, कांग्रेस के एक मुख्यमंत्री ने मंच से कह दिया था कि अपने राज्य में बिहार के लोगों को घुसने नहीं देंगे। बिहार के लोगों से कांग्रेस की इतनी नफरत, बिहार के लोगों के प्रति इतनी घृणा, और कोई भूल नहीं सकता। कांग्रेस का बिहार के लोगों के प्रति जो दुर्व्यवहार देखने के बाद भी यहां आरजेडी वाले गहरी नींद में सोये पड़े थे।

बिहार की राजग सरकार, कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों के इस नफरती अभियान का जवाब दे रही है। बिहार के बेटे-बेटी को यहीं पर रोजगार मिले, सम्मान की जिंदगी मिले, मां-बाप की वो देखभाल कर सके, इसी सोच के साथ हम काम कर रहे हैं। अब बिहार में बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स बन रहे हैं। गयाजी जिले के डोभी में बिहार का सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल एरिया तैयार हो रहा है। गयाजी में एक टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना भी की जा रही है। आज ही यहां बक्सर थर्मल पावर प्लांट का शुभारंभ भी हुआ है। कुछ ही महीने पहले मैंने औरंगाबाद में भी नवीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी थी। भागलपुर के पीरपैंती में भी नया थर्मल पावर प्लांट बनेगा। इस पावर प्लांट्स से बिहार में बिजली की आपूर्ति बढ़ेगी। और आप सब जानते हैं, जब बिजली उत्पादन बढ़ता है तो क्या होता है? घरों में बिजली की सप्लाई बढ़ती है, और उद्योगों को भी ज्यादा से ज्यादा बिजली मिलती है। और इससे भी रोजगार के नए मौके बनते हैं। बिहार के युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी देने के लिए नीतीश जी ने बड़ा अभियान चलाया हुआ है। ये नीतीश जी हैं, तभी यहां शिक्षकों की भर्ती भी पूरी पारदर्शिता से हुई।

यहां के नौजवानों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में बिहार में ही रोजगार मिले, उन्हें नौकरी के लिए पलायन न करना पड़े, इसमें केंद्र सरकार की एक नई योजना से भी बहुत बड़ी मदद मिलने वाली है। अभी पिछले सप्ताह, इस 15 अगस्त से ही देशभर में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना लागू हुई है। इसके तहत, हमारे युवा जब निजी क्षेत्र में पहली नौकरी करेंगे, तो केंद्र सरकार उन्हें अपने पास से 15,000 रुपये देगी। जो प्राइवेट कंपनियां युवाओं को रोजगार देंगी, उन्हें भी अलग से पैसे सरकार देगी। इस योजना का बहुत बड़ा लाभ बिहार के मेरे युवाओं को भी होगा।विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में कांग्रेस हो, आरजेडी हो, इनकी सरकारों ने कभी जनता के पैसे का मोल नहीं समझा। इनके लिए जनता के पैसे का मतलब रहा है- खुद की तिजोरी भरना। इसलिए कांग्रेस-आरजेडी की सरकारों में सालों साल तक परियोजनाएं पूरी नहीं होती थीं। कोई योजना जितनी लटकती थी, उतना उसमें ये पैसे कमा लेते थे। अब इस गलत सोच को भी एनडीए सरकार ने बदल दिया है। अब शिलान्यास के बाद कोशिश होती है, जल्द से जल्द, समय सीमा में उस काम को पूरा करने के लिए सफल प्रयास किया जाए। आज का ये कार्यक्रम इसका भी एक शानदार उदाहरण है। औंटाझसिमरिया सेक्शन का शिलान्यास करने का सौभाग्य बिहार के लोगों ने मुझे दिया था। और आप लोगों की कृपा देखिए, आप लोगों का प्रेम देखिए कि जिस ब्रिज का शिलान्यास आपने मुझे करने के लिए कहा, आज उसका लोकार्पण करने का अवसर भी आपने मुझे दिया है। ये पुल सिर्फ सड़कों को नहीं, पूरे उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने का काम करेगा। जो भारी वाहन पहले गांधी सेतु से होकर 150 किलोमीटर का लंबा चक्कर काटते थे, अब सीधा रास्ता पाएंगे।

# अग्नि-5 भारत की रक्षा क्षमता में ऐतिहासिक छलांग




दुनिया भर में युद्ध और तनाव का माहौल है। रूस-यूक्रेन युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा, चीन-ताइवान विवाद गहराता जा रहा और मध्य-पूर्व में लगातार संघर्ष जारी है। ऐसे समय में भारत ने अपनी रक्षा क्षमता को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। 20 अगस्त 2025 को ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से भारत ने लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण किया। यह न केवल तकनीकी सफलता है, बल्कि भारत की बढ़ती सैन्य और सामरिक ताकत का स्पष्ट संकेत भी है। पांच हजार किलोमीटर से अधिक की मारक क्षमता अग्नि-5 मिसाइल की सबसे बड़ी विशेषता इसकी लंबी दूरी की क्षमता है। यह मिसाइल 5000 किलोमीटर से अधिक की मारक क्षमता रखती है और परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। तीन चरण वाले ठोस ईंधन रॉकेट मोटर से उड़ान भरने वाली यह मिसाइल आधुनिक नेविगेशन सिस्टम से लैस है और इसमें मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (टकफश) तकनीक का इस्तेमाल हुआ है। यानी यह एक साथ कई लक्ष्यों को साध सकती है। ऊफऊड प्रमुख डॉ. समीर वी कामत ने कहना है कि अग्नि-5 का यह परीक्षण भारत की सामरिक शक्ति को नए स्तर पर ले जाता है। यह न केवल हमारी वैज्ञानिक क्षमता का प्रतीक है, बल्कि आने वाले समय में भारत की सुरक्षा का मजबूत आधार भी बनेगा।

उल्लेलखनीय है कि भारत का मिसाइल कार्यक्रम कोई नया नहीं है। यह यात्रा 1980 के दशक में इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम से शुरू हुई थी। इसके साथ ही पूर्व राष्ट्रगपति एवं भारत के महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की अगुवाई में अग्नि श्रृंखला की नींव रखी गई थी। जिसने अपना साकार रूप लेना शुरू किया 2002 से, जब अग्नि-1 के साथ शुरूआत हुई जिसकी रेंज 700 900 किलोमीटर थी। इसके बाद अग्नि-2, अग्नि-3 और अग्नि-4 का विकास हुआ और हर नए संस्करण द्वारा भारत की क्षमता को एक कदम आगे बढ़ाया गया। अब अग्नि-5 उस श्रृंखला का सबसे आधुनिक और दूर तक मार करने वाला हथियार है। यह भारत को उन चुनिंदा देशों की कतार में खड़ा करता है जिनके पास इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलें हैं।

शक्तिलशाली देशों के बीच रणनीतिक महत्वक इस परीक्षण का महत्व केवल तकनीकी नहीं, बल्कि रणनीतिक भी है। पाकिस्तान के पास शहीन-ककक जैसी मिसाइलें हैं जिनकी रेंज लगभग 2750 किलोमीटर है। चीन के पास ऊत्रू-41 है जिसकी क्षमता 12000 किलोमीटर तक मानी जाती है। अग्नि-5 भारत को इस सामरिक संतुलन में बराबरी की स्थिति देता है।

रक्षा विशेषज्ञ डॉ. राजेश शर्मा कहते हैं, यह मिसाइल किसी देश के खिलाफ नहीं, बल्कि भारत की डिटरेंस पॉलिसी का हिस्सा है। कहने का तात्पनर्य है कि निवारण नीति किसी संभावित दुश्मन को हमला करने से रोकने के लिए पहले से ही तैयार की जाती है। यह एक ऐसी नीति है जिसमें किसी देश या संगठन द्वारा अपनी सैन्य शक्ति, आर्थिक शक्ति, या राजनीतिक प्रभाव का उपयोग करके दूसरे पक्ष को किसी गलत काम को करने से रोकने की कोशिश होती है। अतः इसका मकसद स्पष्ट है कोई भी देश भारत के खिलाफ आक्रामक कदम उठाने से पहले सौ बार सोचे।

वे कहते हैं कि अग्नि-5 का सफल परीक्षण आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। यह हमारी वैज्ञानिक क्षमता का नतीजा है। इससे निश?चित ही भारतीय सेना को और मजबूती मिलेगी। साथ ही यहां यह भी स्पतष्टस करना जरूरी है कि भारत की नो फर्स्ट यूज परमाणु नीति हमेशा से स्पष्ट रही है। यानी भारत परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा, लेकिन हमला होने पर जवाब अवश्यर दिया जाएगा। इस नीति के साथ अग्नि-5 जैसी मिसाइल भारत की सुरक्षा को विश्वसनीयता प्रदान करती है। यह मिसाइल यह सुनिश्चित करती है कि भारत पर कोई भी देश हमला करने से पहले उसकी ताकत को समझे। उन्होंजने कहा, हम अब केवल इस दिशा में आत्मनिर्भर नहीं हुए हैं, बल्कि तकनीकी दृष्टि से विकसित देशों की बराबरी कर रहे हैं। अग्नि-5 इसका एक बड़ा प्रमाण है।

दुनिया में सिर्फ पांच देशों के पास ही थी यह क्षमता वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देशों के पास ही अब तक 5000 किलोमीटर से अधिक दूरी की मिसाइलें थीं। भारत अब इस क्लब में शामिल होकर अपनी स्थिति और मजबूत कर चुका है। यह न केवल भारत को एशिया में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी एक भरोसेमंद और जिम्मेदार सामरिक शक्ति बनाता है। अतः इस सफलता के बाद भारत का ध्यान अब भविष्य की परियोजनाओं पर है। अग्नि-6 की संभावित रेंज 8000 से 10000 किलोमीटर बताई जा रही है। साथ ही भारत हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक पर भी काम कर रहा है, जो आने वाले समय की जरूरत है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह प्रोजेक्ट सफल होते हैं तो भारत आने वाले दशक में दुनिया की शीर्ष तीन-चार मिसाइल शक्तियों में शामिल रहेगा।

## संपादकीय

# आज की दुनियां मे वो सबसे अधिक खुश है जिसके पास प्रसन्नता, मन की शांती, संतोष भरा मन है...

दुनियां में जिसके पास प्रसन्नता, मन की शांती, संतोष भरा मन हो वो भाग्यशाली और खुश इंसान है। केवल आज की ही क्यूं वो इंसान हर दुनियां मे खुश है। महाभारत मे धर्मराज युधिष्ठिर से एक यक्षने प्रश्न पुछा के हे धर्मराज सबसे बडा सुख कौनसा है इस प्रश्न के उत्तर के स्वरूप युधिष्ठिरजी ने कहा समाधान ही सर्वोत्तम सुख है। मनुष्य के पास बहुत सारा पैसा हो अछी शादीशुदा जिंदगी हो अच्छे माता पिता हो लेकिन मन मे संतोष व प्रसन्नता न हो तो ऐसा व्यक्ती आज की या किसी भी दुनिया मे खुश नही हो सकता। आज की दुनिया मे पैसा अतिआवश्यक है। लेकीन मन का संतोष प्रसन्नता उससे भी अधिक आवश्यक है,और एक बात जो की आवश्यक है वो है आपकी सेहत, सेहत अछी हो तो व्यक्ती का जीवन आनंदमय होता है.वैसे तो कुदरत द्वारा रचित इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में रचनाकर्ता ने मानवीय जीवन में अनेक गुण दोषों को शामिल कर संजोया है, इसका उपयोग करने सर्वश्रेष्ठ बुद्धिमता का भी सृजन कर दिया है। बस!! जरूरत है अब माननीय जीव को उसे गुण-दोष सुख-दुख खुशियां-गम प्रसन्नता-दुख इत्यादि का चुनाव कर अपने जीवन को सफल और असफल बनाएं उसके ऊपर है!! क्योंकि प्रसन्नता और सुख दुख भी बौद्धिक क्षमता के आधार पर माननीय जीव को खुद चुनना होता है! इसलिए आज हम इस पावन बेला पर मन की प्रसन्नता पर उसके गुणों, प्रक्रिया सुजन करने के तरीकों पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम प्रसन्नता की करें तो खुलकर हंसना, मुस्कुराना, प्रसन्न रहना, मन की प्रसन्नता खुद सृजित की हुई दवा के समान है, क्योंकि इसमें सब दुख तो नष्ट होते हैं,जीव अपने कर्म में असफल नहीं होता। बुद्धि तुरंत स्थिर रहती है। सामाजिक प्रतिष्ठा और गुणों की सुगंध दूर तक जाती है एक अलग हस्मुख व्यक्तित्व की हमारी छाया हमारे अपने परिचितों सहयोगियों पर पड़ती है। प्रसन्नता हमारा ऐसा अनमोल खजाना है, जिसे जितना लूटाएंगे उतना ही बढ़ता चला जाएगा, खिलखिलाते चेहरे और प्रसन्नता की आंखों की चमक मनीषियों को दुर्लभ पूंजी है, क्योंकि प्रसन्नता सुकून से जीने की कुंजी है। यह खजाना तब बढ़ता है जब हम दूसरों की खुशीयों में अपनी खुशी को समाहित करते हैं। हमें छोटी-छोटी चीजों में प्रसन्नता, सुख ढूंढने की कोशिश करनी चाहिए, विश्वसनीय मन के भाव की खुशी का भाव अभूतपूर्व सफलता और दूरगामी सकारात्मक परिणाम होता है। आध्यात्मिकता, उदारता, परोपकार, सहनशीलता, सहिष्णुता इत्यादि मन की प्रसन्नता के प्रमुख स्त्रोतों में से कुछ हैं, जिनको जीवन में अपनाने की जरूरत को रेखांकित किया जा सकता है।

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस, संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी विश्व प्रसन्नता इंडेक्स रिपोर्ट इत्यादि अन्तर्राष्ट्रीय स्तरपर प्रसन्नता के मूल्यों की करें तो प्रसन्नता को हाई वैश्विक टॉनिक माना जाता है। प्रसन्नता दिवस मनाया जाता है अलग-अलग देशों के प्रसन्नता से रहने के क्रमांक बताए जाते हैं, परंतु बहुत हैरानी की बात है प्रसन्नता इंडेक्स में अनेक पूर्ण विकसित देशों के साथ ही भारत भी पिछड़ा हुआ है जो रेखांकित करने वाली बात है!! विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2022 में 146 देशों की रिपोर्ट के अनुसार फिनलैंड लगातार 5 वर्षों से प्रथम और डेनमार्क द्वितीय और आयरलैंड तृतीय स्थान पर है।जबकि इस रिपोर्ट में भारत 136 वी रैंक पर है याने लास्ट टॉप टेन इतनी खराब हालात जो आश्चर्य वाली बात है।

## (आस्था)

### 48 घंटे बाद बनने वाला है शक्तिशाली महाभाग्य योग, इन राशियों पर होगी मां लक्ष्मी की विशेष कृपा, खूब कमाएंगे पैसा...

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, भूमि पुत्र मंगल इस समय कन्या राशि में विराजमान है, जिससे किसी न किसी राशि के साथ युति करते रहते हैं। ऐसे ही मंगल जल्द ही मन के कारण चंद्रमा के साथ युति करने वाले हैं। मंगल के साथ चंद्रमा की युति होने से महाभाग्य योग का निर्माण हो रहा है। इस राजयोग का निर्माण होने से 12 राशियों के जीवन में किसी न किसी तरह से प्रभाव देखने को मिलेगा। लेकिन इन तीन राशियों को सबसे अधिक लाभ मिल सकता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, 25 अगस्त को चंद्रमा सुबह 8 बजकर 28 मिनट पर कन्या राशि में प्रवेश कर जाएंगे। जहां पर पहले से ही मंगल विराजमान है। ऐसे में मंगल के साथ चंद्रमा की युति से महालक्ष्मी राजयोग का निर्माण हो रहा है। ये योग 27 अगस्त को शाम 7 बजकर 21 मिनट तक रहने वाला है। इस योग को महाभाग्य योग या चन्द्र मंगल योग के नाम से भी जाना जाता है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब मंगल और चंद्र एक साथ आते हैं, तो व्यक्तिगत जीवन के साथ कई घटनाएं ही होती है। ऐसे में वित्तीय स्थिति से लेकर स्वास्थ्य, कल्याण में असर लेकर भावनात्मक पहलू पर असर देखने को मिलता है। इसके साथ ही रिश्तों में मिठास आती है। पार्टनर के साथ अच्छा वक्त बीतेगा। मेष राशि इस राशि के जातकों के लिए महालक्ष्मी संयोग काफी लाभकारी हो सकता है। महाभाग्य योग बनने से इस राशि के जातकों के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह पड़ेगा। इसके साथ ही आत्मविश्वास में तेजी से वृद्धि होगी, जिससे आप अपनी भावनाओं को ठीक से प्रकट कर पाने में सफल होंगे। पार्टनर के साथ अच्छा वक्त बीतेगा। उसके साथ किसी ट्रिप पर जा सकते हैं। धैर्य से काम करेंगे, तो रिश्तों में मजबूती आएगी। करियर की दृष्टि में भी आपको काफी लाभ मिल सकता है। नए अवसर मिल सकते हैं। वृषभ राशि चंद्रमा और मंगल की युति से बना महाभाग्य योग वृषभ राशि के जातकों के लिए कई क्षेत्रों में लाभ मिल सकता है। कार्यक्षेत्र की बात करें, तो प्रगति के नए द्वार खुलेंगे। विशेष रूप से आईटी, डेटा साइंस, टेक्नोलॉजी और रिसर्च से जुड़े लोगों को काफी लाभ मिल सकता है। आपके काम , मेहनत की सराहना की जा सकती है।

## आज का राशिफल

### मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

**मेष:** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है। आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी। दीर्घावधि मुनाफे के नजरिए से स्टॉक और म्यूचुअल फंड में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। बच्चे की तबियत परेशानी का कारण बन सकती है। आपका हमदम आपको पूरे दिन याद करता रहेगा। उसे कोई प्यारा सरप्राइज देने की योजना बनाएँ और इसे उसके लिए एक खूबसूरत दिन में तब्दील करने के बारे में सोचें। दिल के करीबी लोगों के साथ आपका वक्त बिताने का मन करेगा लेकिन आप ऐसा कर पाने में सक्षम नहीं हो पाएंगे।

### वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।

**वृषभ:** सेहत पर गौर करने की जरूरत है। जिन लोगों को आप जानते हैं, उनके जरिए आपको आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे। आज हर कोई आपसे दोस्ती करना चाहता है और आप उनकी ये इच्छा पूरी करने में खुशी महसूस करेंगे। अपने प्रिय के साथ सैर-सपाटे पर जाते समय जिंदगी को पूरी शिद्दत से जिएँ। अगर आप अपने घर से बाहर रहकर अध्ययन या नौकरी करते हैं तो आज के दिन आप खाली समय में अपने घर वालों से बात कर सकते हैं। घर की किसी खबर को सुनकर आप भावुक भी हो सकते हैं। जो यह समझते हैं कि शादी सिर्फ.सेक्स के लिए होती है, वे गलत हैं।

### मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।

**मिथुन:** शारीरिक लाभ के लिए, विशेषकर मानसिक तौर पर मजबूती हासिल करने के लिए ध्यान और योग का आश्रय लें। जीवन की गाड़ी को अच्छे से चलाना चाहते हैं तो आज आपको पैसे की आवाजाही पर विशेष ध्यान देना होगा। अपने मित्रों या संबंधियों को अपना आर्थिक काम-काज और रुपये-पैसे का प्रबंधन न करने दें, नहीं तो जल्दी ही आप आपने तयशुदा बजट से कहीं आगे निकल जाएंगे। संभव है आज आप अपने प्रिय को टॉफी और कॉकलेट वगैरह दें।

### कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।

**कर्क:** अपनी सेहत को ध्यान में रखकर चीखने-चिल्लाने से बचें। किसी करीबी रिश्तेदार की मदद से आज आप अपने करोबार में अच्छा कर सकते हैं जिससे आपको आर्थिक लाभ भी होगा। ऐसा कोई जिसके साथ आप रहते हैं, आज आपके किसी काम की वजह से बहुत झुंझलाहट महसूस करेगा। आपके प्रेम की राह एक खूबसूरत मोड़ ले सकती है। आज आपको पता चलेगा कि फि जाओं में जब प्यार घुलता है तो कैसा महसूस होता है। लोगों के साथ बात करने में आज आप अपना बहुमूल्य समय बर्बाद कर सकते हैं। आपको ऐसा करने से बचना चाहिए।

### सिहं: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।

**सिहं:** आपको काफी समय से चल रही बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। कुछ जरूरी योजनाएँ क्रियान्वित होंगी और ताजा आर्थिक मुनाफा पहुँचाएंगी। ऐसा कोई जिसके साथ आप रहते हैं, आज आपके किसी काम की वजह से बहुत झुंझलाहट महसूस करेगा। सम्हल कर दोस्तों से बात करें, क्योंकि आज के दिन दोस्ती में दरार पड़ने की आशंका है। खाली वक्त का सही इस्तेमाल करना आपको सीखना ही होगा नहीं तो जीवन में आप कई लोगों से पीछे रह जाएंगे। आपके और आपके जीवनसाथी के दरमियान कोई अजनबी नोंकझोंक की वजह बन सकता है।

### कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

**कन्या:** रचनात्मक शौक आज आपको सुकून का एहसास कराएंगे। आपके घर से जुड़ा निवेश फायदेमंद रहेगा। घरेलू जिंदगी सुकूनभरी और खुशनुमा रहेगी। आज अचानक किसी से रोमांटिक मुलाकात हो सकती है। इस राशि के जातक आज के दिन अपने भाई-बहनों के साथ घर पर कोई मूवी या मैच देख सकते हैं। ऐसा करके आप लोगों के बीच प्यार में इजाफा होगा। आप महसूस करेंगे कि शादीशुदा ज़िन्दगी आपके लिए वाकई खुशनसीबी लेकर आई है। आज का दिन उन चन्द दिनों जैसा है जब घड़ी की सुईयाँ बहुत धीरे-धीरे हिलती हैं।

### तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।

**तुला:** आज खास दिन है, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य आपको कुछ असाधारण काम करने की क्षमता देगा। अपने लिए पैसा बचाने का आपका ख्याल आज पूरा हो सकता है। आज आप उचित बचत कर पाने में सक्षम होंगे। माता-पिता की तबियत में सुधार होगा और वे अपना प्यार आपके ऊपर बरसाएंगे। याद रखिए कि आँखें कभी झूठ नहीं बोलतीं। आज आपके प्रिय की आँखें आपको वाकई कुछ खास बताएंगी। अपने व्यक्तित्व और रंग-रूप को बेहतर बनाने का कोशिश संतोषजनक साबित होगी। जीवनसाथी की मासूमियत आपके दिन को खास बना सकती है।

### वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।

**वृश्चिक:** ठूँस-ठूँस कर खाने और ज्यादा कैलोरी की चीजें खाने से बचिए। आज आपके भाई-बहन आपसे आर्थिक मदद मांग सकते हैं और उनकी मदद करके आप खुद आर्थिक दबाव में आ सकते हैं। हालांकि स्थिति जल्द ही सुधर जाएगी। घर वालों के साथ मिलकर कुछ अलग और रोमांचक किया जाना चाहिए। कुछ लोगों के लिए नया रोमांस ताजगी लाएगा और आपको खुशमिजाज रखेगा। घर के छोटे सदस्यों के साथ गप्पें लगाकर आज आप अपने खाली समय का अच्छा इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप वैवाहिक तौर पर लंबे समय से कुछ नाखुश हैं, तो आज के दिन आप हालात बेहतर होते हुए महसूस कर सकते हैं।

### धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों का दबाव और घर में अनबन के चलते आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है- जो काम में आपकी एकाग्रता को भंग करेगा। जिन लोगों ने किसी रिश्तेदार से पैसा उधार लिया था उनको आज वो उधार किसी भी हालत में वापस करना पड़ सकता है। जीवनसाथी के साथ अपने रिश्तों में तनाव दूर करने के लिए अच्छा दिन है। रिश्ते की इस नाजुक डोर से जुड़े दोनों ही लोगों को इसके लिए समर्पित होना चाहिए और एक-दूसरे के लिए दिल में यक ीन और प्यार होना चाहिए। हालात ठीक करने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लें और सकारात्मक तौर पर पहल करें।

### मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।

**मकर:** निराशावादी रवैये से बचें क्योंकि न सिर्फ यह आपकी संभावनाओं को कम कर देगा, बल्कि शरीर के आंतरिक संतुलन को भी बिगाड़ देगा। व्यापार में आज अच्छा खास मुनाफा होने की संभावना है। आज के दिन आप अपने बिजनेस को नई ऊंचाईयां दे सकते हैं। पारिवारिक तनावों को अपनी एकाग्रता भंग न करने दें। बुरा दौर ज्यादा सिखाता है। उदासी के भंवर में खुद को खोकर वक़्त बर्बाद करने से बेहतर है कि जिंदगी के सबक को जानने और सीखने की कोशिश की जाए। आज रोमांस आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा।

### कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।

**कुंभ:** आज के मनोरंजन में बाहर की गतिविधियों और खेल-कूद को शामिल किया जाना चाहिए। आपकी गैर-यथार्थवादी योजनाएँ आपके धन को कम कर सकती हैं। घरेलू ज़िन्दगी में कुछ तनाव का सामना करना पड़ सकता है। आज आप इश्क की चाशनी ज़िन्दगी में घुलती हुई महसूस करेंगे। इस राशि वालों को आज खुद के लिए काफी समय मिलेगा। इस समय का उपयोग आप अपने शोकों को पूरा करने में कर सकते हैं। आप कोई किताब पढ़ सकते हैं या अपना पसंदीदा म्यूजिक सुन सकते हैं।

### मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।

**मीन:** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है। आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी। दीर्घावधि मुनाफे के नजरिए से स्टॉक और म्यूचुअल फंड में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। बच्चे की तबियत परेशानी का कारण बन सकती है। आपका हमदम आपको पूरे दिन याद करता रहेगा। उसे कोई प्यारा सरप्राइज देने की योजना बनाएँ और इसे उसके लिए एक खूबसूरत दिन में तब्दील करने के बारे में सोचें। दिल के करीबी लोगों के साथ आपका वक्त बिताने का मन करेगा लेकिन आप ऐसा कर पाने में सक्षम नहीं हो पाएंगे।



# दुनिया का वो इकलौता देश, जहां महज 1 घंटे में बने थे 3 राष्ट्रपति

**दुनिया के सबसे खूबसूरत देशों में एक इन दिनों पर्यटन स्थलों पर हो रहे सैन्य हमलों को लेकर परेशान है. पिछले कुछ दिनों में देश के 3 प्रमुख पर्यटन स्थलों पर हमले हो चुके हैं. इस दौरान मेक्सिको के भीड़ भाड़ वाले खूबसूरत समुद्रतटीय इलाक़ों को निशाना बनाया जा रहा है. इन हमलों के ज़िम्मेदार मैक्सिकन गिरोह, रूस और स्थानीय राजनेताओं से जुड़े संगठन बताए जा रहे हैं.**

## आख़िर क्यों चुने गये थे 1 घंटे में 3 राष्ट्रपति?

मेक्सिको दुनिया का एकमात्र एक देश है जहां महज 1 घंटे में 3 राष्ट्रपति चुने गए थे. आज से क़रीब 108 साल पहले हुई इस घटना ने मेक्सिको का नाम हमेशा–हमेशा के लिए विश्व इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया है. ये घटना साल 1913 की है. 19 फ़रवरी, 1913 को मेक्सिको के तत्कालीन राष्ट्रपति फ़्रांसिस्को आई. मादेरो किसी कारणवस अपने पद से हट गये. राष्ट्रपति फ़्रांसिस्को आई. मादेरो के पद से हटने के के कुछ ही समय बाद पेड्रो लस्कुरैन मेक्सिको के नये राष्ट्रपति बने, लेकिन कुछ ही मिनटों में उन्होंने भी अचानक अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया. पेड्रो लस्कुरिन के नाम सबसे कम समय तक किसी देश का राष्ट्रपति रहने का विश्व रिकॉर्ड है, जिसे अब तक कोई भी तोड़ नहीं पाया है. वो महज 26 मिनट के लिए मेक्सिको के राष्ट्रपति बने थे. राष्ट्रपति पेड्रो लस्कुरिन के इस्तीफ़ा के तुरंत बाद विक्योरियानो हुएर्ता को आनन फानन में मेक्सिको का राष्ट्रपति बना दिया गया. इस तरह से महज 1 घंटे के अंदर मेक्सिको में 3 लोग राष्ट्रपति पद पर आसीन हुये.
विक्टोरियानो हुएर्टा का कार्यकाल भी कुछ ज़्यादा समय तक नहीं चल पाया. क़रीब 1 साल 5 महीने के बाद विक्टोरियानो भी मेक्सिको के राष्ट्रपति पद से मुक्त हो गये. विश्व इतिहास में ऐसी घटना पहली और आख़िरी बार हुई थी.



# जानिए दुनिया के उस पहले दुर्लभ जीव के बारे में जो फ़ंगस खाता है और 1306 पैरों पर चलता है

दुनिया दुर्लभ चीज़ों और जीवों से भरी पड़ी है. ऐसे–ऐसे जीव इस दुनिया में हैं जिनके होने पर अचंभा होता है, उन्हीं में से एक है ये जीव जिसके 1306 पैर हैं और ये ज़मीन के अंदर 200 फ़ीट नीचे गहराई में रहते हैं. इसे ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों ने खोजा है और ये मिलिपीड्स दुनिया का पहला दुर्लभ जीव है, जिसके इतने पैर है. अभी तक धरती पर सबसे ज़्यादा 750 पैर वाले जीव को ढूंढा गया है. ऑस्ट्रेलिया के खनिज संपदा वाले इलाक़े में खनन के दौरान वैज्ञानिकों को दो मेल और दो फ़ीमेल मिलिपीड्स मिले. इनमें मेल के 998 पैर तो फ़ीमेल के 1306 पैर हैं. वैज्ञानिकों ने इसका नाम Eumillipes Persephone नाम रखा है. इसका रंग हल्का पीला है. इस जीव पर माइक्रोस्कोप की मदद से रिसर्च की गई है. इस जीव में हैरान करने वाली बात ये है कि पतले धागे सा लंबा ये जीव जितना चौड़ा है इसकी लंबाई उससे 100 गुना ज़्यादा है और इसकी आंखें नहीं है. इसका सिर आइसक्रीम कोन जैसा है और सिर पर बहुत सारे एंटीना हैं, जिससे इसको अंधेरे में चलने फिरने में मदद मिलती है. ज़िंदा रहने के लिए ये जीव फ़ंगस खाता है.
वैज्ञानिकों की मानें तो, इस जीव के पैर को गिनना आसान नहीं था, क्योंकि ये ख़ुद को गोलाकार में इस तरह लपेट लेता है कि इसे सीधा करना मुश्किल हो जाता है. आमतौर पर इस जीव की उम्र महज़ दो साल होती है, लेकिन इसकी उम्र ज़्यादा होगी क्योंकि इसके पैर ज़्यादा हैं और इसके रिंग्स को देखकर कयास लगाया गया है कि ये 5 से 10 साल तक ज़िंदा रह सकता है. वैज्ञानिकों का कहना है कि, 40 करोड़ साल पहले 100 पैरों वाले मिलिपीड्स पाए गए थे, लेकिन हज़ारों पैर वाला मिलीपीड्स पहली बार मिला है. इससे पहले, 750 पैर वाले इलाक्मे प्लेनिप्स जीव का नाम रिकॉर्ड में था. ये भी ज़मीन की गहराई में रहता है.





# इन देशों की नहीं है अपनी आर्मी

**किसी देश के लिए आर्मी का होना सबसे बड़ी ताकत माना जाता है। क्योंकि आर्मी ही देश की सुरक्षा के लिए हमेशा तैनात रहती है। यूक्रेन और रूस की जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। ऐसे में अब हर देश अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है। जंग के इस दौर में हर देश पर इस बात का खतरा है कि कहीं यूक्रेन जैसा हादसा उनके साथ न हो जाए। ऐसे में वह अपने देश की आर्मी को मजबूत करने के प्रयास में सारे कदम उठा रहे हैं।**

कहा जाता है कि अगर किसी देश की ताकत को अगर आंकना हो तो उसकी सैन्य शक्ति को देखा जाता है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जहां हर देश परमाणु संपन्न है। वहीं कई ऐसे भी देश हैं जिनके पास अपनी आर्मी नहीं है। एक देश की सुरक्षा के लिए आर्मी बेहद जरूरी होती है। आर्मी के द्वारा देश के बॉर्डर की नाकाबंदी की जाता है, ताकि कोई भी अराजक तत्व देश के अंदर न घुस पाए। अब आप सोचिए कि क्या कोई ऐसा भी देश हो सकता है, जिसके पास अपनी आर्मी न हो। हैरान न हो यह एकदम सच है। पूरी दुनिया में कई देश ऐसे हैं, जो बिना आर्मी के अपना देश चलाते हैं। तो चलिए जानते हैं इन देशों के बारे में।

## मॉरेशियस



मॉरेशियस में करीब 13 लाख लोग रहते हैं। साल 1986 में मॉरेशियस यूनाइटेड किंगडम से आजाद हुआ था। ज्यादातर लोग मॉरेशियस को केवल हनीमून डेस्टिनेशन और बीच के लिए ही जानते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि इस देश की अपनी कोई आर्मी नहीं है। लेकिन इस देश में 10,000 पुलिस कर्मी हैं, जो देश की सुरक्षा कार्यों की जिम्मेदारी लेते हैं।

## कॉस्टा रिका

कॉस्टा रिका सेंट्रल अमेरिका के पनामा के इस्तमुस पर बसा एक छोटा सा देश है। यहां की जनसंख्या करीब 52 लाख है। साल 1948 में जब कॉस्टा रिका ने



गृहयुद्ध में जीत हासिल की, इसी के बाद से इस देश ने अपनी आर्मी हटा दी। यह देश हर साल 1 दिसंबर को सेना उन्मूलन दिवस मनाता है।

## वेटिकन सिटी



बता दें कि वेटिकेन सिटी दुनिया का सबसे छोटा देश है। इसका कारण यहां की कम जनसंख्या है। यह देश करीब 0.44 किमी तक फैला हुआ है। जिसमें केवल 840 लोग ही रहते हैं। इसके अलावा यह देश ईसाई धर्म के संप्रदाय रोमन कैथोलिक चर्च का केंद्र है। वेटिकन सिटी में ईसाई धर्म के सर्वोच्च धर्मगुरू पॉप का निवास है। हालांकि, 1970 से पहले इस देश की अपनी आर्मी हुई करती थी। लेकिन 70 के दशक के बाद वेटिकेन सिटी ने अपने देश में आर्मी का चलन बंद कर दिया। यह देश रोम में है, जिसके कारण वेटिकेन सिटी की सुरक्षा की जिम्मेदारी इटली के पास है।

## समोआ



एक समय ऐसा था जब समोआ देश न्यूजीलैंड का गुलाम हुआ करता था। साल 1962 में यह देश आजाद हुआ। आजादी के बाद से ही इस देश के पास अपनी कोई आर्मी नहीं है। हालांकि, इसके पीछे कारण छिपा है। बता दें कि न्यूजीलैंड ने समोआ को आजाद करने पर एक शर्त रखी थी, जिसमें कहा गया था कि समोआ अपनी कोई सेना नहीं बनाएगा। ऐसे में जब भी समोआ को सेना की जरूरत पड़ती है तो वह न्यूजीलैंड से मदद मांगता है।

## आइसलैंड



आइसलैंड यानी यूरोप का दूसरा सबसे बड़ा द्वीप। आप यह जानकर हैरान हो जाएंगे कि साल 1869 से ही इस देश के पास अपनी कोई सेना नहीं है। अब आप सोचिए कि इतने बड़े देश की सुरक्षा बिना किसी आर्मी के कैसे हो सकती है? बता दें कि आइसलैंड नाटो का सदस्य है। जिस कारण से आइसलैंड की सुरक्षा की जिम्मेदारी अमेरिका के पास है।




# इथियोपिया कैलेंडर में 12 नहीं 13 महीने होते हैं, यहां पर 2023 नहीं 2016 चल रहा है

**दुनिया का एक देश ऐसा भी है जहां के लोग आज भी 2014 के कैलेंडर को ही फॉलो कर रहे हैं. विश्व के मुकाबले अफ्रीकी देश इथियोपिया का कैलेंडर 7 से 8 साल पीछे चलता है. इथियोपिया के कैलेंडर में साल के 12 की जगह 13 महीने होते हैं.**

## इथियोपिया पर रोमन चर्च की छाप

इथियोपिया में रोमन चर्च की छाप है. इथियोपियन ऑर्थोडॉक्स चर्च मानता रहा कि ईसा मसीह का जन्म 7 बीसी में हुआ और इसी के अनुसार कैलेंडर की गिनती शुरू हुई. वहीं, दुनिया के बाकी देशों में ईसा मसीह का जन्म एडी1 में बताया गया है. यही वजह है कि यहां का कैलेंडर अब भी 2016 में अटका हुआ है, जबकि 2023 चल रहा है.

## आखिरी महीने में 5 या 6 दिन

इथियोपियन कैलेंडर में एक साल में 13 महीने होते हैं. इनमें से 12 महीनों में 30 दिन होते हैं. आखिरी महीना पाग्युमे कहलाता है. इसमें पांच या छह दिन आते हैं. यह महीना साल के उन दिनों की याद में जोड़कर बनाया गया है, जो किसी वजह से साल की गिनती में नहीं आ पाते हैं. इथियोपिया के लोग ध्यान रखते हैं कि इस कैलेंडर और उनकी मान्यताओं की वजह से सैलानियों को किसी किस्म की दिक्कत न हो.

## यह है वजह

इथियोपिया का अपना कैलेंडर ग्रेगोरियन कैलेंडर से लगभग पौने आठ साल पीछे है. यहां नया साल 11 सितंबर को मनाया जाता है. दरअसल ग्रेगोरियन कैलेंडर की शुरुआत 1582 में हुई थी. इससे पहले जूलियन कैलेंडर का इस्तेमाल हुआ करता था. कैथोलिक चर्च को मानने वाले देशों ने नया कैलेंडर स्वीकार कर लिया, जबकि इथियोपिया जैसे कई देश इसका विरोध कर रहे थे.

## दूसरे देशों के लोगों को नहीं होती परेशानी

भले ही इथियोपिया अपनी मान्यता के अनुसार अलग कैलेंडर को मानता हो, मगर वो इससे दूसरे देशों के लोगों को परेशानी नहीं होने देता. वो ट्रैवलर्स के लिए ग्रेगोरियन कैलेंडर के हिसाब से तारीखें मैनेज करता है. इथियोपियन लोग भी अब ग्रेगोरियन कैलेंडर से वाकिफ़ हैं. हालांकि, फिर भी कभी–कभी होटल की बुकिंग और कई दूसरी बेसिक सुविधाओं को हासिल करने में थोड़ी–बहुत दिक्कत हो जाती है. वैसे आपको बता दें कि इथियोपिया अफ्रीका में सबसे सुंदर और उपजाऊ देशों में से एक है. यहां रेगिस्तान से लेकर दुर्लभ वन्य जीवन तक देखने को मिलता है. यहां आपको तरह–तरह के प्राकृतिक झरने और गुफ़ाएं तक देखने को मिलेंगी.



# यहां सिर्फ 40 मिनट के लिए होती है रात, जानिए क्यों नहीं डूबता सूरज

दुनिया में एक ऐसा भी देश है जहां सूरज बहुत कम समय के लिए डूबता है नार्वे एक ऐसा देश है जिसके बारे में कहा जाता है कि यहां कभी दिन नहीं ढलता है। यहां बस 40 मिनट के लिए रात होती है, बाकी समय यहां सूर्य की रौशनी होती है। ये देश यूरोप महाद्वीप के उत्तर में स्थित है उत्तरी ध्रुव के सबसे नजदीक होने के कारण नार्वे बहुत ही ज्यादा ठंडा देश है। यहां रात 12 बजकर 43 मिनट पर सूरज डूब जाता है और मात्र 40 मिनट के बाद उग जाता है नार्वे को कंट्री ऑफ मिडनाइट सन भी कहा जाता है।



# चीते और शेर में क्यों है दुश्मनी?

चीते और शेर के बीच जंग की वजह बेहद खास है दरअसल, शेर सोचता है कि अगर चीता जीवित रहा तो उसका शिकार खा जाएगा। वहीं चीता को लगता है कि शेर जीवित रहा तो वो उसका शिकार खा जाएगा। शेर बेहद ताकतवर होता है और मौका मिलते है चीता का शिकार कर सकता है। जंगल में रहने वाले दोनों जानवर एक दूसरे को पसंद नहीं करते हैं। मौका मिलते ही चीते को शेर मार सकता है और शेर को चीता मार सकता है। शेर और चीते एक दूसरे को अपना दुश्मन मानते हैं लेकिन ये कभी एक दूसरे को मारने के बाद उसे खाते नहीं हैं।



# ये है दुनियाभर में लोगों की सबसे पसंदीदा खुशबू

हर खुशबू की एक रासायनिक ऑडर प्रोफाइल होती है इसी के आधार पर किसी भी सुगंध को अच्छा या बुरा माना जाता है। एक सर्वे के मुताबिक दुनिया में सबसे अधिक वनीला की सुगंध को पसंद किया जाता है। सबसे कम आइसो वैलेरिक एसिड की खुशबू को लोग पसंद करते हैं, यह सुगंध सॉय मिल्क और चीज में मिलती है। इसका पता रैंकिंग के आधार पर किया गया है जांचकर्ताओं के नंबरों के आधार पर सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले सुगंध को अलग किया गया है।



## संक्षिप्त खबरें

### पीजी कोर्स में दाखिले का फिर मौका, खुलेगा पोर्टल

**गुरुग्राम।** जिले के कॉलेजों में स्नातकोत्तर के कोर्स की दाखिला प्रक्रिया बीते मंगलवार को पूरी हो गई थी। जिसके बाद दाखिला पोर्टल बंद कर दिया गया। हालांकि अब भी कई कॉलेजों में 20 से 25 प्रतिशत सीटें खाली हैं। इस स्थिति को देखते हुए कॉलेज प्रबंधन ने उच्चतर शिक्षा निदेशालय को दोबारा पोर्टल खोलने की मांग की है। विभाग से मंजूरी मिलते ही दाखिला प्रक्रिया एक बार फिर शुरू हो सकती है। पीजी कोर्स में दाखिले की प्रक्रिया जुलाई के मध्य में शुरू हुई थी। निर्धारित शेड्यूल के अनुसार 19 अगस्त को दाखिले की अंतिम तिथि थी। इसके बाद पोर्टल बंद कर दिया गया था। कॉलेजों का कहना है कि सीटें खाली रहने से कई छात्रों को अवसर नहीं मिल पा रहा है। इसी बीच स्नातक कोर्स की दाखिला प्रक्रिया जारी है और इसमें 28 अगस्त तक छात्रों को प्रवेश मिल सकेगा। अब उम्मीद जताई जा रही है कि पीजी दाखिले के लिए भी विभाग जल्द ही नया शेड्यूल जारी करेगा।

### निगम ने गंदगी फैलाने पर 93 पर लगाया 2.30 लाख का जुर्माना

**गुरुग्राम।** नगर निगम ने गंदगी फैलाने और कचरे व मलबे की अवैध डंपिंग करने वालों पर शुक्रवार को सख्त कार्रवाई की है। निगम ने 93 लोगों पर कार्रवाई करते हुए कुल 2.30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अवैध रूप से मलबा व कचरा डंप करने वाले नौ वाहनों को जब्त किया। साथ ही ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 का उल्लंघन करने पर 12 बल्क वेस्ट जनरेटर को नोटिस जारी किए गए हैं। नियम के तहत बल्क वेस्ट जनरेटर को अपने कचरे को गीले, सूखे व घरेलू हानिकारक श्रेणी में अलग-अलग करके उसका प्रबंधन करना अनिवार्य है। गीले कचरे से अपने परिसर के भीतर ही खाद तैयार करके उसका उपयोग हरियाली बढ़ाने और सूखे व घरेलू हानिकारक कचरे का निस्तारण करना होगा। नगर निगम के 68 सहायक सफाई निरीक्षकों के अलावा सेनिटेशन सिक्योरिटी फोर्स एवं बीडब्ल्यूजी मॉनिटरिंग सेल की टीमें लगातार विभिन्न वार्डों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और निर्माण स्थलों का दौरा कर रही हैं। नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने लोगों से अपील की है कि सड़क, नाले-नालियों या सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने से बचें।

### कचरे में आग लगाने वाले युवक के खिलाफ मामला दर्ज

**गुरुग्राम।** न्यू कॉलोनी थाना क्षेत्र की शिवपुरी रोड पर सड़क किनारे कूड़े में आग लगाकर प्रदूषण फैलाने पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गश्त टीम की शिकायत पर सेक्टर-23 निवासी सतपाल आहूजा के खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया है। बृहस्पतिवार को पुलिस टीम को गश्त के दौरान धुआं उठता हुआ दिखाई दिया था। पुलिस मौके पर पहुंची तो आहूजा रेस्टोरेंट के पास एक युवक सड़क किनारे पेड़ के नीचे पड़े हुए कूड़े में आग लगा रहा था। पुलिस ने आग लगाकर पेड़ को नुकसान पहुंचाने और पर्यावरण को दूषित करने पर यह कार्रवाई की है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह शिवपुरी कॉलोनी में आहूजा छोले भटूरे नाम से रेस्टोरेंट चलाता है और इसने आसपास के कूड़े को इकट्ठा करके आग लगाई थी। एनजीटी के आदेश के तहत कचरे में आग लगाना प्रतिबंधित है।

### सड़क किनारे में मिला युवक का शव

**गुरुग्राम।** सेक्टर-37 थाना क्षेत्र में खांडसा गांव में शुक्रवार की सुबह सड़क किनारे एक अधेड़ युवक का शव मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल पर निरीक्षण करके साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोचरी में रखवाया है। मामले में शुक्रवार देर शाम एफआईआर दर्ज की गई। मृतक की पहचान राजेश (50 वर्ष) के रूप में हुई। उसके सिर पर चोट के निशान मिले हैं। शुरुआती जांच में सामने आया कि बृहस्पतिवार की रात को किसी बात को लेकर राजेश का कुछ लोगों के साथ झगड़ा हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाद को सुलझा दिया था। वहीं, शुक्रवार की सुबह राजेश का शव सड़क के किनारे मिला। सेक्टर-37 थाने के निरीक्षक साहिद अहमद ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। घटनास्थल के आसपास और सड़कों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर मामले में आरोपियों की पहचान की जाएगी। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी

**गुरुग्राम।** सेक्टर 9 स्थित राजकीय महाविद्यालय में आईसीसी कमेटी द्वारा प्रोटेक्शन ऑफ वूमेन फ्रॉम सेक्सुअल हैरासमेंट ऐट वर्क प्लेस विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता एडवोकेट सीमा सिंधु ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी और कहा कि कानून सदैव महिलाओं के साथ है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नीलम दहिया ने कहा कि महिला को सुरक्षित माहौल मिलना चाहिए और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज करनी चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि कॉलेज में किसी को कोई परेशानी नहीं होगी और यदि होगी तो उसका शीघ्र समाधान किया जाएगा।

# सतीश गोलचा ने दिल्ली के 26वें पुलिस आयुक्त का प्रभार संभाला, सख्त रुख और निर्णायक नेतृत्व की पहचान



**दिल्ली:** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार को उनके सिविल लाइंस स्थित दफ्तर में जनसुनवाई के दौरान हमला होने के एक दिन बाद पुलिस आयुक्त एसबीके सिंह को हटा दिया गया। उन्होंने अतिरिक्त प्रभार के रूप में दिल्ली की कमान 21 दिन तक संभाली थी। गृह मंत्रालय के आदेश पर उनके स्थान पर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी सतीश गोलचा की तैनाती हुई है। शुक्रवार को उन्होंने दिल्ली पुलिस के 26वें आयुक्त का पद संभाल लिया।

अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्रशासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के 1992 बैच के अधिकारी गोलचा सुबह 10 बजे जय सिंह रोड स्थित दिल्ली पुलिस मुख्यालय पहुंचे और 10.30 बजे दिल्ली पुलिस मुख्यालय में प्रभार संभाला। इसके बाद उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

इससे पहले एसबीके सिंह शुक्रवार सुबह नौ बजे पुलिस मुख्यालय पहुंचे और दिल्ली पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बताते चलें कि गृह मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को सतीश गोलचा की नियुक्ति का आदेश जारी किया था। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार को उनके सिविल लाइंस स्थित दफ्तर में जनसुनवाई के दौरान हमला होने के एक दिन बाद गोलचा की पुलिस आयुक्त के पद पर नियुक्ति हुई।

हालांकि, अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह नियुक्ति हमले से संबंधित नहीं है। गोलचा का कार्यकाल अप्रैल 2027 तक है। उन्हें उनके सख्त रुख और 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के दौरान निर्णायक नेतृत्व के लिए जाना जाता है। उस समय वह कानून-व्यवस्था के विशेष पुलिस आयुक्त के तौर पर तैनात थे। गोलचा के पूर्ववती एसबीके सिंह, 1988 बैच के अधिकारी हैं। वह संभवतः सबसे कम अवधि तक अतिरिक्त प्रभार के रूप में दिल्ली पुलिस आयुक्त रहे। उन्होंने संजय अरोड़ा के सेवानिवृत्त होने के बाद एक अगस्त को पदभार संभाला था।

#### 4 साल बाद एजीएमयूटी कैडर के अफसर ने संभाली कमान

बहरहाल, चार साल बाद दिल्ली पुलिस का मुखिया अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम-केंद्रशासित प्रदेश कैडर का अफसर बनने जा रहा है। इससे पहले 27 जुलाई 2021 को बीएसएफ के डीजी रहे गुजरात कैडर के राकेश अस्थाना को, जबकि 1 अगस्त 2022 से आईटीबीपी के तत्कालीन डीजी और तमिलनाडु कैडर के संजय अरोड़ा को कमिश्नर बनाया गया था।

### यूट्यूब के सबस्क्राइबर बढ़ाने के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** यूट्यूब चैनल के सबस्क्राइबर व व्यूवर बढ़ाने व चैनल मॉनिटाइजेशन के नाम पर 90 हजार रुपये ठगी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी लक्ष्मण राजस्थान टोंक का रहने वाला है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि इसने शिकायतकर्ता को व्हॉट्सएप मैसेज व कॉल कर सबस्क्राइबर, व्यूवर बढ़ाने व चैनल मॉनिटाइजेशन करने की जानकारी दी और रुपये ट्रांसफर कराए थे।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी को पूछताछ के बाद साइबर क्राइम थाना एनआईटी की टीम ने अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है। मामले में साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस को शिकायत नेहरू कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने दी थी। इसमें आरोप लगाया कि 22 मई को उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल के सबस्क्राइबर व व्यूवर बढ़ाने के लिए व अपना चैनल मॉनिटाइजेशन करवाने के लिए के लिए इंस्टाग्राम आईडी ऑफिशल_मोंटाइज0001 पर संपर्क किया। इसके बाद उनके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने चैनल को मॉनिटाइज करने के लिए उनसे 99 हजार रुपये की मांग की। फिर उन्होंने क्यूआर कोड पर 90500 रुपये ठगों के पास ट्रांसफर कर दिए। रुपये ट्रांसफर करने के बावजूद उन्हें लाभ नहीं मिला। साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### बिटकॉइन में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर 1.25 करोड़ की ठगी में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** बिटकॉइन में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर 1.25 करोड़ रुपये की ठगी में खाता उपलब्ध कराने वाले को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी राहुल कुमार यूपी के अयोध्या का मूल निवासी है। उसे ईस्ट दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके से साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम ने काबू किया है। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि इसने अमित का खाता लेकर ठगों को दिया था। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी राहुल दिल्ली में क्रेडिट कार्ड बनाने का काम करता है। पूछताछ के बाद इसे अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। मामले में अमित सहित चार आरोपियों को पुलिस पहले गिरफ्तार कर चुकी है। साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम को यह शिकायत सेक्टर-31 के रहने वाले व्यक्ति ने दी थी।



## झगड़े में आवेश में आकर चुन्नी से गला घोंटकर की पत्नी की हत्या

**गुरुग्राम।** मानेसर थाना के नाहरपुर गांव में बृहस्पतिवार की दोपहर को हुए झगड़े में पति ने आवेश में आकर चुन्नी से पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी किराये के कमरे का दरवाजा बंद करके अपने भाई के कमरे पर चला गया और फिर वहां से शाम 7.30 बजे कंपनी में ड्यूटी पर चला गया। शुक्रवार की सुबह आरोपी अपने कमरे पर वापस आया और मकान मालिक को पत्नी की हत्या करने के बारे में बताया। मृतका की पहचान अल्मोड़ा (उत्तराखंड) के धयाड़ी गांव निवासी निशा (34 वर्ष) के रूप में हुई है। पत्नी की हत्या करने के मामले में राजेंद्र को हिरासत में लिया गया है। मकान मालिक ने इस बारे में पुलिस को सूचना दी तो मानेसर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। कमरे में जमीन पर एक महिला का शव पड़ा मिला। उसके गले में चुन्नी बंधी हुई थी और सिर से खून निकला हुआ था। फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल), सीन ऑफ क्राइम व फिंगरप्रिंट की टीमों से घटनास्थल व शव का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोचरी में पहुंचाया। मृतका अपने पति राजेंद्र के साथ नाहरपुर गांव में किराये पर रहती थी। राजेंद्र (26 वर्ष) अल्मोड़ा (उत्तराखंड) के कापली खेत गांव का रहने वाला है।

## गेट न खोलने पर बेटे ने की थी प्रॉपटी डीलर की हत्या

**फरीदाबाद।** प्रॉपटी डीलर हरबीर की हत्या उनके बेटे साहिल ने गेट न खोलने के चलते गुस्से में 11 जुलाई की रात को पीटकर की थी। बाद में साहिल ने अपनी मां संगीता को इस बारे में बताया तो महिला ने पुलिस व परिवार को सूचना देना जरूरी नहीं समझा। उल्टे उसने बेटे के साथ मिलकर शव को बोरे में बंदकर सूरजकुंड रोड पर पुलिया के नीचे फेंक दिया।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने जांच करते हुए हरबीर का शव बरामद किया। साहिल व संगीता को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों को चार दिन के रिमांड पर लेकर टीम पूछताछ कर रही है।

मामले में अजरौंदा निवासी कुलबीर ने बीपीटीपी थाना पुलिस को शिकायत दी। इसमें आरोप लगाया गया कि उसका भाई हरबीर अपने परिवार के साथ टेरा लवीनियम सोसाइटी सेक्टर 75 फरीदाबाद में रहता था। कुलबीर ने कहा कि उसके भाई को उसकी पत्नी, बेटा व साली मानसिक रूप से परेशान करते थे। तीनों मिलकर अक्सर हरबीर के साथ मारपीट करते थे। इसके कारण वह उनसे अलग सेक्टर-7 में रहने लग गया था। 11 जुलाई से उसके भाई का मोबाइल बंद आ रहा था। 14 जुलाई को उसके भाई की पत्नी और बेटा उनके गांव अजरौंदा आए और परिवार को बताया कि हरबीर विदेश घूमने गए हैं।




27 जुलाई को दोनों फिर अजरौंदा आये तो परिवार ने उनसे हरबीर के बारे में पूछा लेकिन वे बहाना बना कर चले गए और मोबाइल भी स्विच ऑफ कर लिए। शिकायत पर बीपीटीपी थाने में एफआईआर दर्ज की गई। अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए संगीता व साहिल को गिरफ्तार किया है। सूरजकुंड इलाके से शव भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी मां-बेटे से पूछताछ में पता चला कि 11 जुलाई को साहिल रात को देर से घर लौटा तो हरबीर ने गेट नहीं खोला। फिर साहिल साइड वाले मकान से अपने घर के अंदर घुसा और अपने पिता हरबीर के साथ मारपीट की। इससे हरबीर की मृत्यु हो गई।

## मॉल में बम फटेगा, नोट मिलते ही अफरातफरी, खाली कराया

**साहिबाबाद।** टीलामोड़ थानाक्षेत्र स्थित डी-मार्ट मॉल में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक फीडबैक फॉर्म में लिखा मिला कि कल मॉल में बम फटेगा। नोट देखते ही प्रबंधन के होश उड़ गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। कुछ ही देर में पुलिस बल, बम डिस्पोजल यूनिट और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंच गए। मॉल को खाली कराया गया और हर कोने की तलाशी ली गई। इस दौरान मॉल के बाहर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। हालांकि जांच में यह एक बच्चे की शरारत निकली।

डी-मार्ट में हर रोज हजारों लोग खरीदारी करने पहुंचते हैं। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे जब मॉल खुला तब कर्मचारियों ने अपनी-अपनी ड्यूटी संभाली। इस दौरान मॉल में लिखे जाने वाले फीडबैक फॉर्म को पढ़ने और उसके आधार पर व्यवस्थाओं को सुधारने की जिम्मेदारी जिस कर्मचारी के पास थी वह अपना काम कर रहा था।

अचानक एक फीडबैक फॉर्म पढ़ने के बाद वह दंग रह गया। बृहस्पतिवार को लिखे गए फीडबैक फॉर्म में से वह आखिरी फॉर्म था। उसमें लिखा था कि मॉल में कल बम फटेगा। दोपहर करीब 12 बजे मॉल में अचानक हड़कंप मच गया।



मॉल कर्मचारियों ने शॉपिंग कर रहे लोगों को तुरंत बाहर निकाला और पुलिस को फोन किया। लोगों में भी डर का माहौल पैदा हो गया। बात तब पता चली जब पुलिस फोर्स और बम डिस्पोजल यूनिट के अधिकारी व कर्मचारी डी-मार्ट मॉल पहुंचे। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि करीब दो घंटे तक शॉपिंग मॉल के चप्पे-चप्पे को खंगाला गया।

## निवेश कराने के नाम पर युवती से 44.20 लाख की ठगी




**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के लाजपत नगर निवासी गरिमा वाधवा को साइबर ठगों ने मोटी कमाई का लालच देकर 44.20 लाख की चपत लगा दी। इस मामले में गरिमा वाधवा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने खातों में भेजी गई रकम को फ्रीज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गरिमा वाधवा ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया था। इसका लिंक उन्होंने खोला तो वह एक ग्रुप में जुड़ गईं। ग्रुप में जुड़े सभी लोग आपस में अपने-अपने निवेश और होने वाले लाभ के बारे में बात कर रहे थे। इसके बाद उनकी भी इसमें रुचि बढ़ गई। साइबर अपराधियों ने उनको एक एप भी डाउनलोड कराया। इसमें रकम के बारे में जानकारी देने के विकल्प थे। आरोपी उनसे वीडियो कॉल पर भी बात कर रहे थे। जब उन्होंने शुरुआत में 10 हजार रुपये दिए गए खाते में भेजे तो उनको अगले ही दिन मुनाफा दिखने लगा। इसके बाद दूसरी बार में उन्होंने 20 हजार भेजे। फिर उन्होंने 25 से अधिक बार में 44.20 लाख रुपये दिए गए खातों में ट्रांसफर कर दिए। जब उन्होंने पैसा निकालने का प्रयास किया तो वह रकम नहीं निकाल पाईं। बात करने पर साइबर अपराधियों ने कहा कि उनको टैक्स के रूप में और धनराशि जमा करनी होगी लेकिन उनके पास और पैसा नहीं था। वह खुद के अलावा दूसरों से पैसा लेकर भी साइबर ठगों के खाते में पैसा ट्रांसफर कर चुकी थीं। जब साइबर ठगों को लगा कि उनको और पैसा मिलने वाला नहीं है तो उन्होंने उनसे संपर्क तोड़ दिया। उनको ग्रुप से भी निकाल दिया। इसके बाद उनको अपने साथ हुई ठगी का पता चला। इस मामले में उन्होंने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस बारे में एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है। खातों में जमा रकम को फ्रीज़ करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## निर्माणाधीन बिल्डिंग पर सरिया चढ़ा रहा मजदूर करंट की चपेट में आया

**लोनी।** अंकुर विहार कॉलोनी की डीएलएफ कॉलोनी में निर्माणाधीन बिल्डिंग पर सरिया चढ़ा रहा मजदूर शुक्रवार दोपहर 11 हजार की लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बिल्डर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने कार्रवाई की मांग की है।



मूलरूप से कासगंज के गांव रसुलाआ सलेहपुर के रहने वाले वीरेश कुमार ने बताया कि वह मजदूरी करते हैं। कासगंज से लोनी में मजदूरी करने आए थे। उनके साथ उनका भाई विनय कुमार (23) भी मजदूरी करता था। शुक्रवार को वह और उनका भाई विनय लोनी के डीएलएफ कॉलोनी स्थित निर्माणाधीन बिल्डिंग में मजदूरी कर रहे थे। दोनों काम खत्म होने के बाद उसी बिल्डिंग में सोते थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को बिल्डिंग के सामने से सरिया ऊपर चढ़ाना था।

बिल्डिंग के सामने से ऊर्जा निगम की 11 हजार की बिजली की लाइन जा रही है। उन्होंने बिल्डर से लाइन कटवाने के लिए कहा था। विनय और दो अन्य मजदूरों को बिल्डिंग के सामने से सरिया चढ़ाना था। बिल्डर ने लाइन नहीं कटवाई और सरिया चढ़ाने के लिए कहा। सरिया चढ़ाने के दौरान सरिया 11 हजार की बिजली की लाइन से टच हो गया। इस दौरान सरिया में करंट उतर गया। करंट की चपेट में आने से विनय की मौत हो गई। आनन फानन अन्य मजदूरों ने उन्हें बुलाया। उन्होंने मामले की शिकायत बिल्डर से की। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद वह अन्य मजदूरों के साथ मिलकर अंकुर विहार थाने पहुंचे। थाने में उन्होंने बिल्डर के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि मामले में शिकायत मिली है। पुलिस जांच कर कार्रवाई करेंगी।

#### बिल्डिंग पर सील होने की बात सामने आई

स्थानीय पूर्व सभासद पति मनीष ठाकुर ने बताया कि जिस बिल्डिंग में निर्माण कार्य हो रहा था। उस बिल्डिंग में जीडीए द्वारा कुछ समय पूर्व सील लगाई गई थी। सील लगने के बाद भी बिल्डर निर्माण कार्य करा रहा था। वहीं अगर बिजली की लाइन कट जाती तो मजदूर की जान नहीं जाती।

### अवैध वसूली व मारपीट के आरोप में दो यू-ट्यूबर पर एफआईआर

**फरीदाबाद।** एसजीएम नगर थाना पुलिस ने अवैध वसूली व मारपीट के आरोप में दो यू-ट्यूबर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों के नाम रविंद्र भाटी और विनोद कुमार बताए गए हैं। इन पर आरोप है कि घर के बाहर मलबा डालने के आरोप लगाकर ये एक महिला से 20 हजार रुपये की मांग कर रहे थे। मना करने पर इन्होंने मारपीट भी की। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि मामले में टीम जांच कर रही है। एसजीएम नगर थाना पुलिस को ये शिकायत साइना नामक महिला ने दी। इनका कहना है कि 17 अगस्त को एक व्यक्ति इनके घर आया। वो खुद को मीडियाकमी बताकर कहने लगा कि तुमने घर के बाहर मलबा बाहर डाल रखा है। इसके चलते आपके खिलाफ कार्रवाई कराएंगे और कार्रवाई नहीं चाहते तो 20 हजार रुपये देने पड़ेंगे। महिला के अनुसार आरोपी ने उनका हाथ पकड़कर बाहर चलकर बात करने को कहा। फिर आरोपी ने मारपीट व धक्का-मुक्की भी की। शोर सुनकर महिला के ससुर आकर बचाव करने लगे तो आरोपी के दूसरे साथी ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया।

## फरीदाबाद में बेटे ने की थी प्रॉपर्टी डीलर पिता की हत्या, मां की मदद से लाश ठिकाने लगाई लाश

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद सेक्टर-75 स्थित टेरा सोसाइटी में प्रॉपर्टी डीलर हरबीर मलिक की हत्या मामले में क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने उनकी पत्नी और बेटे को गिरफ्तार शुक्रवार को अदालत में पेश किया। वहां से उन्हें पूछताछ के लिए चार दिन की रिमांड पर लिया गया है। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया है कि हरवीर की बेटे साहिल ने हत्या की थी। मां ने शव को ठिकाने लगाने में साथ दिया था।

अजरौंदा निवासी कुलबीर ने 31 जुलाई को बीपीटीपी थाना में दी शिकायत में बताया था कि उनका भाई हरबीर अपने परिवार के साथ टेरा लवीनियम सोसाइटी सेक्टर 75 में रहता था। हरबीर को पत्नी, बेटा और साली मानसिक रूप से परेशान करते थे व उसके साथ मारपीट करते थे। इसके चलते पत्नी और बेटे से अलग होकर सेक्टर-सात में रहने लगे। 11 जुलाई से हरबीर का मोबाइल फोन बंद जा रहा था। जबकि उनकी पत्नी संगीता और बेटा साहिल 14 जुलाई को गांव अजरौंदा आए और बताया कि हरबीर विदेश घूमने गया है। 27 जुलाई को दोनों फिर अजरौंदा आए, जिनसे फिर पूछा तो बहाना कर के चले गए और अपना मोबाइल फोन भी बंद कर लिया।



ऐसे में आशंका में 31 जुलाई को बीपीटीपी थाना को शिकायत दी गई। अगले दिन एक अगस्त को पुलिस गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने गुरुवार को हरबीर की पत्नी संगीता और बेटे साहिल को गिरफ्तार किया।

#### मां की मदद से शव जंगल में फेंका

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि 11 जुलाई को हरबीर का बेटा साहिर घर से बाहर गया हुआ था। जब वह रात में घर वापस आया तो हरबीर ने घर का दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद साहिल पड़ोसी के मकान से होते हुए खिड़की के रास्ते घर घुसा पिता हरबीर के साथ मारपीट की। इसमें हरबीर की मौत हो गई। जब मृतक की पत्नी घर से आई तो देखा उनका पति मरा हुआ था।

## इंडिया-पाकिस्तानः

### पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय खेल संबंध नहीं रखना सही फैसला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि सरकार खेलों को प्रोत्साहित करना चाहती है लेकिन देश सबसे पहले आता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ द्विपक्षीय टूर्नामेंट की अनुमति देकर लोगों की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाई जा सकती। खेल मंत्रालय द्वारा भारत-पाकिस्तान द्विपक्षीय खेल टूर्नामेंट पर रोक लगाने और केवल बहुपक्षीय प्रतियोगिताओं की अनुमति देने के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में खडसे ने पत्रकारों से कहा, ''इन दिनों हमारे संबंध जिस तरह के हैं, विशेषकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद से, मुझे लगता है कि यह एक अच्छा फैसला है।'' उन्होंने कहा, हमारे लिए देश बहुत महत्वपूर्ण है। हम खेलों को बढ़ावा देना चाहते हैं, लेकिन हम ऐसे देश से खिलाड़ियों को लाकर अपने लोगों की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचा सकते। हमारे लिए देश और उसके लोग पहले आते हैं। इसलिए यह एक बहुत अच्छा फैसला है। डल झील में शुरू हुए खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल के लिए यहां आईं रक्षा खडसे ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में अब देश की 'वाटर स्पोर्ट्स' राजधानी बनने की क्षमता है।

### रविचंद्रन अश्विन ने अब बताई अचानक रिटायरमेंट की असली वजह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्पिन दिग्गज रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बीच रिटायरमेंट लेने पर खुलकर बात की. अश्विन ने पूर्व कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ के साथ अपने यूट्यूब चैनल पर बातचीत में ये बात बताई. अश्विन ने कहा- विदेश दौरों पर टेस्ट मैचों से बाहर बैठना मुझे बहुत खलने लगा और यही मेरी अचानक इंटरनेशनल रिटायरमेंट की वजह रही. अनिल कुंबले के बाद 500 से ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज अश्विन ने सभी को चौंकाते हुए पिछले दिसंबर ब्रिस्बेन में तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास की घोषणा कर दी थी.

अपने यूट्यब चैनल पर बात करते हुए अश्विन ने राहुल द्रविड़ से कहा- मैं काफी उम्रदराज हो चुका था, ये मानता हूं, लेकिन बार-बार टूर पर जाना और ज्यादातर बाहर बैठना, मुझे बहुत खलने लगा था.

ऐसा नहीं था कि मैं टीम में कंट्रीब्यूट नहीं करना चाहता था, लेकिन फिर आप सोचने लगते हैं कि क्या घर पर बच्चों के साथ समय बिताना बेहतर है. वो भी बड़े हो रहे हैं और मैं यहां बैठा क्या कर रहा हूं? तो मैंने महसूस किया कि बस अबज मेरे मन में हमेशा था कि 34-35 की उम्र में रिटायर हो जाऊंगा. लेकिन बीच में लगातार न खेल पाने की वजह से फैसला कर लिया.

# 28 बॉल में 102 रन... मारे 10 छक्के

## इंग्लैंड के दो बल्लेबाजों ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीता अंबानी की टीम इस समय इंग्लैंड में धमाल मचा रही है. उसने द हंड्रेड लीग में जीत का पंजा लगा लिया है और पॉइंट्स टेबल के टॉप पर बनी हुई है. इस लीग के 23वें मुकाबले में नीता अंबानी की टीम ओवल इनविंसिबल्स एक समय काफी मुश्किल में फंसी हुई थी. टीम को जीत के लिए 40 गेंदों में 102 रन बनाने थे, लेकिन इंग्लैंड के दो बल्लेबाजों ने केवल 28 गेंदों में ही मैच को खत्म करके इतिहास रच दिया. इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर 10 छक्के जड़े.

इससे 11 गेंद शेष रहते नीता अंबानी की टीम ने शानदार जीत दर्ज कर ली. द हंड्रेड लीग के 23वें मुकाबले में ट्रेंट रॉकेट्स ने 100 गेंद में सात विकेट पर 171 रन बनाए. 172 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीता अंबानी की टीम ओवल इनविंसिबल्स की ने धीमी शुरुआत की, लेकिन जॉर्डन कॉक्स और सैम करन के मैदान पर आते ही रनों की बारिश होने लगी. इन दोनों बल्लेबाजों ने 42 गेंदों 96 रन जोड़कर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया. अंत में कॉक्स और डोनोवन फरेरा



(14) ने तेजी से रन बनाते हुए 11 गेंद शेष रहते टीम को 6 विकेट से जीत दिला दी. 24 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स ने 32 गेंदों में 4 छक्के और 5 चौकों की मदद से नाबाद 58 रन बनाए. सैम करन ने केवल 24 गेंदों में 6 छक्के और 2 चौकों की मदद से 54 रनों की तेज पारी खेली. ट्रेंट रॉकेट्स की ओर से रेहान अहमद ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए. डेविड विली और बेन सैंडरसन को एक-एक विकेट मिला. इससे पहले ट्रेंट रॉकेट्स ने ओवल इनविंसिबल्स के खिलाफ तेज शुरुआत की.

### ➢ ट्रेंट रॉकेट्स ने की तेज शुरुआत

ओवल इनविंसिबल्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए ट्रेंट रॉकेट्स ने तेज शुरुआत की. टॉम बैंटन (9) और जो रूट ने पहले विकेट के लिए केवल 28 गेंदों में 55 रन जोड़ दिए. टॉम बैंटन के आउट होने के बाद रूट ने रेहान अहमद (28) के साथ पारी को आगे बढ़ाया और टीम का स्कोर 100 रन के पार कर दिया. इसके बाद टीम की पारी लड़खड़ा गई, लेकिन एक छोर से जो रूट तेजी से रन बनाते रहे. उन्होंने 41 गेंदों में 11 चौके और 1 छक्का की मदद से 76 रनों की पारी खेली. अंत में जॉर्ज लिंडे ने 8 गेंदों में 1 चौका और 3 छक्के की मदद से तेजी से 25 रन बनाए, जिसकी मदद से ट्रेंट रॉकेट्स ने 100 गेंद में 7 विकेट पर 171 रनों का स्कोर खड़ा किया. ओवल इनविंसिबल्स की ओर से राशिद खान और टॉम करन ने दो-दो विकेट लिए. जेसन बेहरेनडॉर्फ और नाथन सॉटर को एक-एक विकेट मिला.

## यूपी टी-20 लीगः



### 15 चौके-छक्के... रिंकू सिंह ने 45 गेंदों में ठोका शतक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ के इकाना स्टेडियम में टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज रिंकू सिंह का तूफान देखने को मिला. उन्होंने केवल 45 गेंदों में 225 की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए तूफानी शतक ठोककर अपनी टीम को शानदार जीत दिला दी. इस दौरान उन्होंने 8 छक्के और 7 चौके लगाए. एक समय 38 रनों पर चार विकेट गंवा चुकी मेरठ माविरक्स को कप्तान रिंकू सिंह ने मुश्किल से निकाला और सात गेंद शेष रहते टीम को 6 विकेट से जीत दिलाई.

रिंकू सिंह ने इस दौरान मैदान के चारों ओर शानदार शॉट लगाकर एशिया कप से पहले अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज करा दी है. लखनऊ के इकाना स्टेडियम में क्क टी20 लीग का नौवां मैच गोरखपुर लायंस और मेरठ माविरक्स के बीच खेला गया. पहले बल्लेबाजी करते हुए गोरखपुर लायंस ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 167 रन बनाए. 168 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेरठ माविरक्स की शुरुआत काफी खराब रही और उसके चार बल्लेबाज केवल 38 रन पर आउट हो गए.

## विश्व कुश्ती चैंपियनशिपः

# अंडर-20 कुश्ती चैंपियनशिप में काजल स्वर्ण के लिए खेलेंगी



**समोकोव (बुल्गारिया), एजेंसी।** स्वप्निल शशांक युवा भारतीय पहलवान काजल ने दो बड़े स्कोर वाली जीत दर्ज करते हुए बृहस्पतिवार को अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के महिलाओं के 72 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि श्रुति और सारिका सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक के लिए भिड़ेंगी। मौजूदा अंडर-20 एशियाई चैंपियन और 2024 कैडेट विश्व चैंपियन काजल ने अपने तीन मुकाबलों में दो बार दोहरे अंक हासिल किए।

उन्होंने एमिली मिहाइलोवा अपोस्टोलोवा को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 15-4 से हराकर शानदार जीत हासिल की। इसके बाद किर्गिस्तान की कैयरकुल शारशेबायेवा को क्वार्टर फाइनल में 7-0 से हराकर एक और प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अमेरिका की जैस्मीन डोलोरेस रॉबिन्सन के खिलाफ काजल ने 13-6 से जीत दर्ज की। श्रुति ने महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में वायलेटा बिरियुकोवा पर 5-4 की जीत से शुरुआत की और फिर पोलैंड की अन्ना यात्स्केविच पर 4-0 की शानदार जीत दर्ज की, लेकिन वह जापान की रिना ओगावा की बराबरी नहीं कर सकीं और सेमीफाइनल तकनीकी श्रेष्ठता से हार गईं।

सारिका ने 53 किग्रा भार वर्ग में दबदबा बनाया। उन्होंने सेवल केयर को तकनीकी श्रेष्ठता (12-2) से हराया। इसके बाद सारिका ने चीन की तियानयु सुन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में एक भी अंक नहीं गंवाया और 8-0 से जीत हासिल की, पर सेमीफाइनल में वह यूक्रेन की अनास्तासिया पोल्स्का से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गईं। ग्रीको रोमन पहलवान सूरज ने 60 किग्रा वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी लेकिन वह अर्मेनिया के युरिक मखितार्यन से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए जिससे अब वह कांस्य पदक के लिए खेलेंगे। प्रिंस (82 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में हार गए लेकिन रेपेशेज के जरिये कांस्य पदक की दौड़ में बने हुए हैं। रीना (55 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) फाइनल में पहुंच चुकी हैं। दोनों दिन के अंत में स्वर्ण पदक मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। तपस्या (57 किग्रा) पहले ही स्वर्ण और सृष्टि (68 किग्रा) रजत पदक जीत चुकी हैं।

# एशिया कप से बाहर, अब BBL के जरिए टी20 क्रिकेट में वापसी करना चाहेंगे बाबर आजम

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के सुपरस्टार और सिडनी सिक्सर्स के लिए खेल चुके बाबर आजम को अगर इस प्रारूप में एक और अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना है तो बिग बैश लीग का इस्तेमाल अपनी टी20 बल्लेबाजी सुधारने के लिए करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान ने दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे के



बाद से कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। इस प्रारूप में देश के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी होने के बावजूद बाबर को अगले महीने यूएई में होने वाले टी20 एशिया कप के लिए नहीं चुना गया।

पाकिस्तान के कोच माइक हेसन ने कहा कि बीबीएल सिक्सर्स के इस बहुमूल्य खिलाड़ी के लिए अपनी स्ट्राइक रेट बढ़ाने और स्पिन के खिलाफ अपनी बल्लेबाजी को निखारने का एक मौका था। हेसन ने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि बाबर को स्पिन का सामना करने और अपने स्ट्राइक रेट के मामले में कुछ क्षेत्रों में सुधार करने के लिए कहा गया है। बाबर जैसे खिलाड़ी के पास क्क्र में खेलने और टी20 में यह दिखाने का मौका है कि वह इन क्षेत्रों में सुधार कर रहा है। ये वो चीजें हैं जिन पर वह वाकई कड़ी मेहनत कर रहा है।

वह इतना अच्छा खिलाड़ी है कि उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बाबर ने 128 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 129.22 के स्ट्राइक रेट से 4223 रन बनाए हैं। उनके रिकॉर्ड में 39 इनिंग्स में पाकिस्तान के लिए 50 प्लस का स्कोर बनाया है। 2023 में सिर्फ 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर बाबर ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 146.06 का स्ट्राइक रेट हासिल किया। हालांकि पिछले साल इनमें से 24 मैच खेलने के बाद 2024 के लिए बाबर का स्ट्राइक रेट घटकर 133.21 रह गया। हेसन ने बाबर की वापसी की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया है, लेकिन पाकिस्तानी कोच ने स्वीकार किया कि टीम प्रबंधन ने उन खिलाड़ियों को चुनने पर ध्यान केंद्रित किया है जिन्होंने देश की हालिया टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, साहिबजादा फरहान ने छह मैच खेले हैं और तीन बार प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता है। इस समय हमारे पास जो खिलाड़ी हैं, उन्होंने असाधारण प्रदर्शन किया है। ऑस्ट्रेलिया में बाबर ने 13 टी20आई मैच खेले हैं और 114.85 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 286 रन बनाए हैं।

हालांकि सिडनी सिक्सर्स के सभी प्रशंसकों का आत्मविश्वास बढ़ाने वाली बात यह है कि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में पाकिस्तान के इस दिग्गज खिलाड़ी को कुछ सफलता मिली है।

## वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का रंगारंग आगाज, पहले दिन जम्मू-कश्मीर ने जीता सोना; यूपी-ओडिशा भी चमके

**श्रीनगर, एजेंसी।** डल में तीन दिन चलने वाले इस खेल महाकुंभ के पहले दिन जम्मू-कश्मीर के मोहसिन अली ने कयाकिंग के-1, 1000 मीटर (पुरुष) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स का वीरवार को रंगारंग आगाज हो गया। डल में तीन दिन चलने वाले इस खेल महाकुंभ के पहले दिन जम्मू-कश्मीर के मोहसिन अली ने कयाकिंग के-1, 1000 मीटर (पुरुष) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश के विशाल कुमार ने कैनोइंग सी-1, 1000 मीटर (पुरुष) और ओडिशा की रश्मिका साहू ने कैनोइंग सी-1, 200 मीटर (महिला) स्पर्धा में



स्वर्ण पदक अपने नाम किया। शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर के बैक लॉन में खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का वीरवार को रंगारंग शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्यमंत्री रक्षा निखिल खडसे, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शामिल हुए। वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल में देशभर से 409 एथलीट हिस्सा ले रहे हैं।

### 700 करोड़ की डील के बाद लिया गया फैसला? हुआ बड़ा खुलासा

## बदला जाएगा मुंबई इंडियंस की टीम का नाम

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस फ्रैंचाइजी विदेशों में भी खूब सारा पैसा इन्वेस्ट कर रही है. कुछ सप्ताह पहले ही एमआई फ्रैंचाइजी ने द हंड्रेड लीग की ओवल इन्विंसिबल्स टीम में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है. अब एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि ओवल इन्विंसिबल्स को एमआई लंदन नाम से जाना जाएगा. यह नया नाम अगले सीजन से लागू होगा. बता दें कि ओवल इन्विंसिबल्स ऐसी छठी टीम बनी थी, जिसका मालिकाना हक मुंबई इंडियंस के पास है. द हंड्रेड सीजन 2026 से पहले ओवल इन्विंसिबल्स का नाम बदल कर एमआई लंदन कर दिया जाएगा. 2025 सीजन शुरू होने से पहले द हंड्रेड टीमों की कम से कम 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए बोली लगनी शुरू हुई थी. इनमें से एमआई फ्रैंचाइजी ने ओवल इन्विंसिबल्स टीम के लिए बोली लगाई थी, जिसकी वैल्युएशन 123 मिलियन पाउंड्स बताई गई थी. चूंकि मुंबई इंडियंस ने 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है, जिसके लिए उसे करीब 60 मिलियन पाउंड्स से ज्यादा रकम चुकानी होगी. जो भारतीय मुद्रा में करीब 700 करोड़ रुपये से ज्यादा होगी.

# आईसीसी ने जारी किया नया शेड्यूल, चिन्नास्वामी स्टेडियम से छीनी गई वर्ल्ड कप मैचों की मेजबानी



### आरसीबी की विक्ट्री परेड के दौरान मची थी भगदड़

इंडियन प्रीमियर लीग2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की खिताबी जीत के बाद एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में विक्ट्री परेड हुई थी. इस विक्ट्री परेड के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोग मारे गए थे. साथ ही 50 से ज्यादा लोग इंजर्ड हुए थे. इस वाकये के बाद जस्टिस जॉन माइकल डीकुन्हा की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन हुआ, जिसने अपनी जांच में एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम को बड़े आयोजनों के लिए असुरक्षित माना.

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी ने महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के लिए संशोधित कार्यक्रम की घोषणा की है. अब इस वर्ल्ड कप के दौरान बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में मुकाबले नहीं खेले जाएंगे. एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मैचों को अब नवी मुंबई में शिफ्ट कर दिया गया है. नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्टेडियम में अधिकतम पांच मैच खेले जाएंगे. इनमें तीन लीग मैच, एक सेमीफाइनल और संभवतः 2 नवंबर को महिला क्रिकेट विश्व कप के 13वें संस्करण का खिताबी मुकाबला भी शामिल है. अगर फाइनल में पाकिस्तानी टीम पहुंचती है तो ही मुकाबला कोलंबो के आर.प्रेमदास स्टेडियम में होगा. बता दें कि बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम को अनसेफ घोषित किया गया था. आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप का आयोजन 30 सितंर से 2 नवंबर तक भारत और श्रीलंका में किया जाना है. डीवाई पाटिल स्टेडियम के अलावा एसीए स्टेडियम (गुवाहाटी), होल्कर स्टेडियम (इंदौर), एसीए-वीडीसीए स्टेडियम (विशाखापत्तनम) और आर. प्रेमदासा स्टेडियम (कोलंबो) में मुकाबले खेले जाएंगे.

# उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के बरेली के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ली भाजपा की सदस्यता

## कांग्रेस में फील्ड नहीं, सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वालों का होता है सम्मान








**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं प्रदेश शासन के मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के समक्ष भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को रायसेन जिले के उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के बरेली के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश उपाध्याय, जिला यूथ कांग्रेस महामंत्री आदित्य स्थापक, सेक्टर अध्यक्ष, राजेश पचौरी, माखन धाकड़, अशोक घनघोरिया, सुरेश धामले (रिटायर्ड डीएसपी), रामकिशोर राजोरिया, नवनीत भार्गव (वकील) सहित 280 से अधिक कांग्रेस कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विकास कार्यो से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी कार्यकताओं को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर मिस्ड कॉल के माध्यम से पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने मंच का संचालन किया और आभार रायसेन जिले के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने माना।

### भाजपा में कोई कार्यकर्ता छोटा-बड़ा नहीं होता, सबको मिलता है सम्मान

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने नवागत कार्यकताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए कहा कि हम सब मिलकर भारतीय जनता पार्टी के परिवार को बढ़ाने के साथ-साथ देश को बढ़ाने का कार्य करेंगे। हमारी पार्टी में जितना मान-सम्मान पार्टी के कार्यकताओं को मिलता है उतना ही सम्मान आपको मिलेगा। भाजपा में कोई कार्यकर्ता छोटा-बड़ा नहीं होता सबको सम्मान मिलता है। किसी भी छोटे से कार्यकर्ता को जिम्मेदारी मिल जाती है और वो उसे ईमानदारी के साथ निभाता है। आप सभी ने दिल से कांग्रेस का कार्य किया होगा, लेकिन कांग्रेस में जमीनी कार्यकताओं का मूल्यांकन नहीं होता। वहां पर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वालों का मूल्यांकन होता है और फील्ड में काम करने वालों को नजरअंदाज किया जाता है। इसलिए कांग्रेस का परिवार रोज घट रहा है और भाजपा का परिवार बढ़ रहा है।

### प्रधानमंत्री मोदी जी देश को बुलंदियों पर पहुंचाने का कार्य कर रहे है

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे देश को दुनिया में बुलंदियों पर पहुंचाने का कार्य लगातार कर रहे हैं। कांग्रेस ने देश में आजादी के बाद सबसे अधिक समय तक शासन किया, लेकिन गरीबों का कल्याण नहीं किया। गरीबों, आदिवासियों को मकान मिल जाए, रोड, मकान और बिजली की समस्या का समाधान निकल जाए यह कांग्रेस ने कभी नहीं सोचा। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लगातार प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास की दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं, ताकि प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा हो सके।

### कांग्रेस में कार्यकताओं की परख नहीं होती - राजेश उपाध्याय

बरेली के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रहे राजेश उपाध्याय ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद कहा कि कांग्रेस में पार्टी के कार्यकर्ताओं की पूछ-परख नहीं होती, इसलिए भारतीय जनता पार्टी में आने का फैसला लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आगे बढ़ रहा है और मैं भी भाजपा से जुड़कर देश के उत्थान के साथ-साथ पार्टी को आगे बढ़ाने में सहयोग करूंगा। इस अवसर पर नारायण पस्तारिया, रामेश्वर गिरदोनिया, सुनील शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, केशव यादव, रिटायर्ड एएसपी, कविद्र रघुवंशी, शैलेन्द्र रघुवंशी, अनिल सिंह, पप्पू विश्वकर्मा, अशोक कुमार तिवारी, संतोष गढवाल, राजेश पटेल, पंकज शर्मा, श्याम सिंह राजपूत, आदित्य स्थापक एवं देवेन्द्र राजपूत सहित 280 से अधिक लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# भाजपा महिला मोर्चा का पीसीसी के सामने धरना प्रदर्शन



**भोपाल में बोरे उठाकर कांग्रेस नेता के बयान का विरोध; पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रोका**

**भोपाल।** राजगढ़ में कांग्रेस नेता द्वारा लाड़ली बहनों को लेकर दिए गए बयान के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय (पीसीसी) के सामने धरना प्रदर्शन किया। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं और लाड़ली बहनों ने हाथ में बोरे लेकर रेड क्रॉस अस्पताल से पीसीसी कार्यालय की ओर जाने वाले मार्ग पर विरोध कर मार्च निकाला। प्रदर्शन कर रही महिलाएं जैसे ही पीसीसी कार्यालय की ओर बढ़ीं, पुलिस ने बीच सड़क पर बेरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक दिया। इस दौरान महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी मुदार्बाद के नारे भी लगाए। कांग्रेस नेता यशवंत गुर्जर के लाड़ली बहना वाले बयान पर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कांग्रेस कार्यालय पर हाथ में बोरे और तख्ती लेकर धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रास्ते में ही बैरिकेडिंग कर रोक दिया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सुषमा चौहान ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेताओं ने अभद्र टिप्पणी महिलाओं पर की है। कांग्रेस हमेशा से गंदी राजनीति करती आई है। हम देखेंगे कि कैसे कांग्रेस के नेता लाड़ली बहनों को बोरे में भरेंगे। बता दें कि राजगढ़ जिले के कांग्रेस नेता यशवंत गुर्जर ने पिछले दिनों लाडली बहनों को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि अबकी बार एक साथ जीतेंगे। लाड़ली बहनों को बोरियों में भर देंगे।

### बोरियों में भरने वाला बयान मेरा नहीं - गुर्जर

*कांग्रेस नेता यशवंत गुर्जर ने कहा कि लाड़ली बहना हमारी है। मैं उनके विरोध में बोल ही नहीं सकता। लाड़ली बहनों को बोरियों में भरने वाला बयान मेरा नहीं था। मुझे एक बुजुर्ग व्यक्ति ने कहा था कि लाड़ली बहनों को बोरियों में भर दूंगा। तब मैंने उनसे कहा था ह्न बा साहब आप तो पानी पियोह्न। ये मेरे शब्द नहीं थे, बल्कि वहां मौजूद एक बुजुर्ग के शब्द थे, जिन्हें मैंने मंच से दोहराया था। वह बुजुर्ग वर्मा समाज के थे, लेकिन किस गांव से थे यह मुझे नहीं पता। लाड़ली बहनों की ही देन है कि आज मैं जिला पंचायत सदस्य हूं। मैंने भाजपा जिला अध्यक्ष को हराया है। मैं लाड़ली बहनों का विरोध क्यों करूंगा? बल्कि मैं तो उनके पक्ष में बोल रहा हूं कि उन्हें ?3000 महीना मिलना चाहिए और जिनका नाम योजना से कट गया है, उनके नाम जोड़े जाने चाहिए।*

# उमंग सिंगार के अमर्यादित बयान पर रामेश्वर शर्मा ने की कड़ी आलोचना

**अब वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी पर अनर्गल प्रहार करके अपनी राजनीति को जिंदा रखने की असफल कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके नेता जितनी अधिक जहरीली भाषा का प्रयोग करेंगे, जनता उतनी ही दूर होती जाएगी। जनता अब उनकी नौटंकी और हास्यास्पद हरकतों से भ्रमित नहीं होने वाली है।**

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व हुजूर विधानसभा से विधायक रामेश्वर शर्मा ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के हालिया बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने नेता प्रतिपक्ष जैसे गरिमामय संवैधानिक पद की मयार्दा को भूलते हुए, जिस प्रकार की भाषा और सोच का परिचय दिया है, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि ह्लनेता प्रतिपक्ष का पद जनता द्वारा सौंपा गया एक गंभीर और जिम्मेदार दायित्व होता है, लेकिन उमंग सिंगार ने इसे मजाक बनाकर रख दिया है। उनका बयान दशार्ता है कि वे न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना कर रहे हैं, बल्कि भाषा की गरिमा भी भूल चुके हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संविधान को सर्वोपरि मानते हुए राष्ट्रसेवा के कार्य में निरंतर संलग्न है। डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान ही संघ की प्रेरणा है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि पंडित जवाहरलाल नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री जैसे पूर्व प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के देशभक्ति और अनुशासन से प्रभावित होकर उसे गणतंत्र दिवस की परेड में आमंत्रित कर चुके हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि उमंग सिंगार द्वारा छिंदवाड़ा के कलेक्टर जैसे सम्मानजनक पद पर बैठे अधिकारी को ह्लचड्डीह्व जैसे आपत्तिजनक और अमर्यादित शब्दों से संबोधित किए जाने को उनके मानसिक दिवालियापन और राजनीतिक हताशा का प्रमाण बताया।

### भाषा की मयार्दा तोड़ कर सुर्खियों में रहना चाहती है कांग्रेस

भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता का विश्वास खो चुकी है। अब वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी पर अनर्गल प्रहार करके अपनी राजनीति को जिंदा रखने की असफल कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके नेता जितनी अधिक जहरीली भाषा का प्रयोग करेंगे, जनता उतनी ही दूर होती जाएगी। जनता अब उनकी नौटंकी और हास्यास्पद हरकतों से भ्रमित नहीं होने वाली है। मध्यप्रदेश की जागरूक जनता सब देख रही है और आने वाले समय में कांग्रेस को उसके घमंड और राजनीतिक दीवालियापन का उचित जवाब देगी। श्री शर्मा ने दो टूक कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा, विकास और जनसेवा की राजनीति करती है। विपक्ष को यदि कोई मुद्दा नहीं मिल रहा है तो उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए, न कि जहर उगलकर वातावरण को दूषित करना।

# श्रम कानूनों पर श्रम विभागीय अधिकारियों एवं निरीक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण




**भोपाल।** श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा श्रम कानूनों के प्रवर्तन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं प्रदेश के श्रमिकों की सुरक्षा एवं हितों के संरक्षण के संबंध में दिये गये निदेर्शानुसार श्रम विभागीय अधिकारियों और निरीक्षकों तथा औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के अधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाला आज से संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क, भोपाल में प्रारम्भ हुई। कार्यशाला में विभिन्न श्रम अधिनियमों के प्रवर्तन, ग्रेच्युटी अधिनियम, उपकर निर्धारण एवं औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टेण्डर्डस द्वारा श्रमिकों की सुरक्षा से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ श्रम विभाग के सचिव रघुराज राजेन्द्रन तथा श्रमायुक्त श्रीमती रजनी सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रम विभाग के अपर सचिव बसंत कुर्रे, अपर श्रमायुक्त प्रभात दुबे एवं श्रम विभाग तथा औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न जिलों में पदस्थ उप श्रमायुक्त, सहायक श्रमायुक्त, शासकीय श्रम पदाधिकारी, सहायक श्रम पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में निरीक्षक उपस्थित थे। दो दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में उप श्रमायुक्त श्रीमती जासेमिन अली सितारा द्वारा भवन संनिर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 के अंतर्गत उपकर निर्धारण, प्रावधान एवं प्रक्रिया पर प्रशिक्षण दिया गया। तत्पश्चात उप श्रमायुक्त आशीष पालीवाल द्वारा उपादान भुगतान अधिनियम, 1972 के अंतर्गत ग्रेच्युटी निर्धारण प्रावधान एवं प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय सत्र में भारतीय मानक ब्यूो की ओर से ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टेण्डर्डस द्वारा व्यवसाय जन्य स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली, श्रमिकों की सुरक्षा, निर्माण कार्य में सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण एवं चयन तथा सुरक्षा संबंधी संकेत एवं दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# आंध्र प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल ने कचरा प्रबंधन के भोपाल मॉडल को सराहा

**भोपाल।** आंध्र प्रदेश के नगरीय निकायों के प्रतिनिधि मंडल ने भोपाल नगर निगम द्वारा संचालित साफ-सफाई एवं कचरा निष्पादन की प्रक्रिया का अवलोकन किया साथ ही विभिन्न प्रकार के अपशिष्टों को रिसाइकल कर तैयार किये जा रहे उत्पादों का भी जायजा लिया और स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन तथा कबाड़ से जुगाड़ जैसे नवाचारों के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चैहान ने पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कचरा प्रबंधन के भोपाल मॉडल को विस्तार से समझाया। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने भोपाल में स्वच्छता हेतु किये जा रहे कार्यों, नवाचारों एवं कचरा प्रबंधन के भोपाल मॉडल की मुक्त कंठ से सराहना की। प्रतिनिधि मंडल में मंगलागिरी ताड़ेपल्ली नगर निगम आयुक्त एस. अलीम बाशा, विजयवाड़ा के सी एम ओ एच के. अर्जुन राव, कार्यपालन यंत्री के. वेंकटेश्वर रेड्डी के अलावा सुश्री वी. लक्ष्मी एवं सुश्री बिन्दु आदि सम्मिलित थे। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में भोपाल को देश का दूसरा सबसे स्वच्छ शहर का गौरव प्राप्त होने के पश्चात यहां संचालित स्वच्छता की गतिविधियां, कचरा प्रबंधन संबंधी कार्य, नवाचारों को देखने समझने और उपरोक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु विभिन्न प्रदेशों व शहरों के नगरीय निकायों के प्रतिनिधि मंडल लगातार भोपाल आ रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को आंध्र प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों के अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम भोपाल द्वारा संचालित डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था के अलावा दानापानी गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन एवं यहां संचालित थमाकोल, कोकोनट वेस्ट रिसाइकल हब, अन्ना नगर स्थित टेक्सटाइल रिकवरी प्लांट, भानपुर रिक्लेमेशन साइट आदि का अवलोकन किया और विभिन्न कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम के अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान ने आईएसबीटी स्थित निगम कार्यालय के सभाकक्ष में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से आंध्र प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल को डोर टू डोर कचरा एकत्रीकरण व्यवस्था के साथ ही विभिन्न गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों पर अपशिष्ट प्रसंस्करण एवं कचरे को रिसाइकल कर विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और कचरा प्रबंधन के भोपाल मॉडल को भी विस्तार से समझाया। आंध्र प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल नगर निगम द्वारा की जा रही।

# पर्यूषण पर्व : शोभा यात्रा में धर्म ध्वजा में विश्व बंधुत्व और शांति का संदेश



**भोपाल।** राजधानी के जैन मंदिरों में पर्यूषण पर्व में आज से कल्पसूत्र का वाचन शुरू हुआ। मंदिरों से पोथा जी की शोभा यात्रा निकली। भगवान जिनेंद्र की विशेष आराधना के साथ श्रद्धालु तप, त्याग, संयम की साधना के साथ प्रभु की भक्ति में लीन हैं। साध्वी संघ के सानिध्य में मंदिरों से पोथा जी कल्पसूत्र की शोभायात्राएं गाजे बाजे के साथ निकली। शोभा यात्रा में फहराती धर्म ध्वजा विश्व शांति बंधुत्व का संदेश दे रही थी, सभी श्रद्धालु कल्पसूत्र ग्रन्थ की आराधना कर रहे थे। श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश तातेड ने बताया कि सिटी मंदिर में साध्वी मोनांग प्रिया श्री जी सा संघ के सानिध्य में शोभा यात्रा के बाद प्रभु महावीर की आराधना की गई। पोथा जी ग्रन्थ की अर्चना के साथ कल्प सूत्र का वाचन हुआ। इस अवसर पर सुधीर भंडारी, सुजीत रामपुरिया, ललित नाहटा, दीपक मालू , प्रहलाद झबक सहित अनेक लोग मौजूद थे। वही दूसरी ओर तुलसी नगर जैन मंदिर में साध्वी सौम्य वंदना जी सा संघ के सानिध्य में शोभा यात्रा के साथ पोथा जी ग्रन्थ की आराधना हुई। अध्यक्ष आर के पारख ने बताया जिनालय में प्रतिदिन नव कार मंत्र का पाठ हो रहा है। साध्वी सौम्य वंदना जी ने कल्प सूत्र का वाचन करते हुए कहा जीवन जीने का भी संविधान होना चाहिए जीवन को प्रत्येक परिस्थिति में सात्विकता से जीना चाहिए। जीवन को अनुकूलता के साथ ढालना चाहिए1 रविवार को मंदिरों में भगवान के जन्म का वाचन होगा और भक्ति के साथ खुशियां मनाई जाएगी। इस अवसर पर रजनीश सेठिया, नागेश, के सी जैन सहित अनेक लोग मौजूद थे।







# आंध्र प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल ने कचरा प्रबंधन के भोपाल मॉडल को सराहा

**भोपाल।** आंध्र प्रदेश के नगरीय निकायों के प्रतिनिधि मंडल ने भोपाल नगर निगम द्वारा संचालित साफ-सफाई एवं कचरा निष्पादन की प्रक्रिया का अवलोकन किया साथ ही विभिन्न प्रकार के अपशिष्टों को रिसाइकल कर तैयार किये जा रहे उत्पादों का भी जायजा लिया और स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन तथा कबाड़ से जुगाड़ जैसे नवाचारों के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चैहान ने पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कचरा प्रबंधन के भोपाल मॉडल को विस्तार से समझाया। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने भोपाल में स्वच्छता हेतु किये जा रहे कार्यों, नवाचारों एवं कचरा प्रबंधन के भोपाल मॉडल की मुक्त कंठ से सराहना की। प्रतिनिधि मंडल में मंगलागिरी ताड़ेपल्ली नगर निगम आयुक्त एस. अलीम बाशा, विजयवाड़ा के सी एम ओ एच के. अर्जुन राव, कार्यपालन यंत्री के. वेंकटेश्वर रेड्डी के अलावा सुश्री वी. लक्ष्मी एवं सुश्री बिन्दु आदि सम्मिलित थे। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में भोपाल को देश का दूसरा सबसे स्वच्छ शहर का गौरव प्राप्त होने के पश्चात यहां संचालित स्वच्छता की गतिविधियां, कचरा प्रबंधन संबंधी कार्य, नवाचारों को देखने समझने और उपरोक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु विभिन्न प्रदेशों व शहरों के नगरीय निकायों के प्रतिनिधि मंडल लगातार भोपाल आ रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को आंध्र प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों के अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम भोपाल द्वारा संचालित डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था के अलावा दानापानी गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन एवं यहां संचालित थमाकोल, कोकोनट वेस्ट रिसाइकल हब, अन्ना नगर स्थित टेक्सटाइल रिकवरी प्लांट, भानपुर रिक्लेमेशन साइट आदि का अवलोकन किया और विभिन्न कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की।

निगम के अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान ने आईएसबीटी स्थित निगम कार्यालय के सभाकक्ष में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से आंध्र प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल को डोर टू डोर कचरा एकत्रीकरण व्यवस्था के साथ ही विभिन्न गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों पर अपशिष्ट प्रसंस्करण एवं कचरे को रिसाइकल कर विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और कचरा प्रबंधन के भोपाल मॉडल को भी विस्तार से समझाया।





स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। *संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) फोन नं. – 8770932048